

हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, मंगलवार, 1 अप्रैल, 2025

राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया| डोंगरगढ़| खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा| कोलेगांव

# ईद पर्व: सुबह विशेष नमाज पढ़ी, देश में अमन और शांति की मांगी दुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ईद के मौके पर शहर के मठपारा स्थित ईदगाह में मुस्लिम समुदाय द्वारा ईद की विशेष नमाज अदा की गई । इस दौरान सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समाज के लोग ईदगाह में एकत्रित हुए ।

रमजान के 29 रोजे मुकम्मल होने के बाद रविवार की शाम ईद का चांद दिखने की तस्दीक होने के बाद शहर की मस्जिदों से ईदगाह में ईद के अवसर पर विशेष नमाज का ऐलान किया गया । जिसके तहत आज सुबह लगभग 9:00 बजे जामा मस्जिद के पेशीईमाम कासिम राजा ने ईद की नमाज पढ़ाई। ईद के अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों को बधाई देने शहर के जनप्रतिनिधि भी ईदगाह मैदान पर पहुंचे। इस दौरान महापौर मधुसूदन यादव, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री शाहिद खान, पूर्व महापौर सुदेश देशमुख सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने ईद को लेकर अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## एक दूसरे को गले मिलकर दी ईद की बधाई, ईदगाह मैदान में अदा की गई विशेष नमाज



### शासन- प्रशासन का आभार

ईद के अवसर पर आयोजित नमाज के दौरान मुस्लिम समाज के लोगों ने व्यवस्था बनाने के लिए शासन, जिला प्रशासन, नगर निगम और पुलिस प्रशासन का आभार जताया । इस दौरान ईदगाह में पंडाल एवं कूलर-पंखों की व्यवस्था के लिए विशेष तौर पर देश की अग्रणी उद्योग समूह आईबी ग्रुप के सीएमडी बहादुर अली का शुक्रिया अदा किया। इस अवसर पर आईबी ग्रुप के द्वारा पंडाल लगाकर सेवाइयों का इंतजाम भी किया गया था ।

### तरक्की, एकता और भाईचारे की दुआ


ईदगाह में हुई विशेष नमाज के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने देश में अमन, शांति और भाईचारा कायम रहने के साथ ही देश की तरक्की, मजबूती, एकता और अखंडता के लिए दुआ मांगी। ईद के अवसर पर शुक्राना नमाज़ अदा करने के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इसके बाद कब्रिस्तान में अपने मरहूमों की खबरों में पहुंचकर फूल चढ़कर फातिहा पढ़ी । वहीं अपने अपने घरों में सेवइयां बनाकर लोगों का मुंह मीठा कराया।







## नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है।
पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ॥

# छग के नकली होलोग्राम व स्टीकर के जरिए तस्कर बेच रहे अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ के करवारी रोड स्थित फार्म हाउस के तलघर में चल रहे अवैध बाटलिंग यूनिट में तस्करों द्वारा अवैध शराब की बोतलो में छत्तीसगढ़ का नकली होलोग्राम और नकली स्टीकर लगाने का सनसनीखेज मामला भी सामने आया है। इन नकली होलोग्राम की मदद से ही बोतल को खुले बाजार में खपाया जा रहा था। इसके लिए बकायदा ब्रांड का स्टीकर एवं नकली होलोग्राम की छपवाई कराई गई थी। वहीं खाली शराब की बोतल जमा करने के लिए कबाड़ से छत्तीसगढ़ निर्मित शराब बोतल की खरीदी की जा रही थी।

उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले ही पुलिस ने डोंगरगढ़ के करवारी रोड स्थित एक फार्म हाउस में शराब की अवैध बॉटलिंग करने वाले गिरोह के खिलाफ कार्रवाई की है। हालांकि अब तक इस मामले में किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। वहीं इस मामले में हर रोज नए खुलासे हो रहे है। इनमें ही नया मामला नकली होलोग्राम को लेकर सामने आया है। ज्ञात हो प्रदेश में ईडी पिछली कांग्रेस सरकार के खिलाफ शराब घोटाले में नकली होलोग्राम के चलते ही जांच कर रही है। जिस नकली होलोग्राम का सहारा लेकर प्रदेश में दो हजार करोड़ का शराब घोटाला होना बताया गया, इसी तर्ज पर नकली होलोग्राम के जरिए डोंगरगढ़ में भी शराब बॉटलिंग के इस खेल को अंजाम दिया जा रहा था। इधर आबकारी विभाग अब इस मामले में डोंगरगढ़ में पदस्थ अपने स्टाफ को नोटिस जारी करने की तैयारी में है। नोटिस जारी कर उन कर्मचारियों से सवाल-जवाब किए जाएंगे।




**बोतल कबाड़ी से खरीदी** : इस पूरे मामले में कबाड़ी दुकान वालों की भी संलिप्तता से इंकार नहीं किया जा सकता है। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी द्वारा बॉटलिंग के लिए शराब बोतल की व्यवस्था कबाड़ी दुकान के जरिए की जा रही थी। पुलिस इस मामले में अब उस कबाड़ी दुकानदार का भी पता कर रही है, जहां से आरोपी द्वारा लगातार शराब की बोतलें खरीदी जाती थी।

### मौके से मिला स्टीकर और हालमार्क

पुलिस ने जब यह कार्रवाई डोंगरगढ़ स्थित फार्म हाउस में की, उस दौरान पुलिस टीम को बॉटलिंग किए जाने की सामाग्री के साथ ही मौके पर छत्तीसगढ़ राज्य का नकली होलोग्राम और शराब ब्रांड के नकली स्टीकर भी प्राप्त हुए है। ऐसे में अब जांच का विषय यह है कि आरोपी द्वारा नकली होलोग्राम और स्टीकर कहां से छपवाए गए? और जहां से यह प्रिंट हो रहे है, वहीं से अन्य कोई आरोपी द्वारा भी ऐसा किया तो नहीं जा रहा है।

### शराब की होगी जांच

मामले में पुलिस महकमे द्वारा जब्त शराब की जांच कराने की भी तैयारी कर ली गई है। सुत्रों के अनुसार शराब की जांच कर यह पता लगाया जाएगा कि आरोपी द्वारा केवल पड़ोसी राज्यों से शराब लाकर यहां बॉटलिंग की जा रही थी। या फिर बॉटलिंग के दौरान पानी के साथ ही स्प्रीट एवं अन्य सामाग्री की मिलावट की जा रही थी। ज्ञात हो प्रदेश में कई ऐसे मामले सामने आ चूकें है, जहां नकली शराब पीकर लोगों की मौत तक हो चुकीं है।

### पहले भी आए मामले

अविभाजित जिले में शराब की अवैध बॉटलिंग का यह पहला मामला नहीं है, बल्कि इससे पहले भी दो मामले ऐसे सामने आ चुकें है। इनमें खैरागढ़ जिले में मुढ़ीपार में भी नागपुर से स्प्रीट लाकर नकली देशी शराब बनाने का मामला सामने आया था। इसके अलावा बाजार अतरिया के रौंदा में भी एक फार्म हाउस में शराब की अवैध बॉटलिंग की जा रही थी। अधिकांश मामलो में डोंगरगढ़ की सरहद को ही आरोपियों द्वारा इस खेल को अंजाम देने के लिए चुना जाता है। ऐसे में यह समझा जा सकता है कि अविभाजित जिले में पड़ोसी राज्यों से शराब लाकर बॉटलिंग का खेल लगातार किया जा रहा है। जिसके खिलाफ बड़ा एक्शन लेने की जरुरत है।

# चाकू लहराने वाला आरोपी पकड़ाया

**राजनांदगांव।** आम रास्ता रोक कर गाली गलौज करने एवं चाकू लहराकर डरा धमका रहे आरोपी को पकड कर पुलिस ने कार्यवाही की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 31मार्च को वहअपने घर से दवा लेने के लिए मेडिकल जा रहा कि शुभम यादव उसका रास्ता रोककर तुम अपने दामाद का जमानत क्यो करवाये हो कहकर अश्लील गाली गलौच करने लगा। गाली देने से मना करने पर शुभम यादव अपने साथी रोहित साहू के साथ जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का, बांस के डण्डा से मारपीट किया व अपने पास रखे धारदार चाकू को लहरा कर मुझे डराने धमकाने लगा। रिपोर्ट पर धारा 126(2), 296, 351(2), 3(5) बीएनएस, 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना मे लिया गया।

### चाकू, बांस का डंडा जब्त

पुलिस ने मुखबीर कि सूचना पर आरोपियों को चिखली तालाब पार मे छीपे होने की प्राप्त होने पर तत्काल दबीश देकर आरोपियों को चिखली तालाब पार मे घेराबंदी कर पकडा गया, कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी. शुभम यादव उम्र 24 साल साकिन चिखली रमन बाजार, रोहित साहू उम्र 31 साल साकिन चिखली पर कार्यवाही की गई। घटना में प्रयुक्त एक नग धारदार चाकू व बांस का डण्डा को जप्त किया गया।

# बदलेगा मौसम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मौसम में एक बार फिर बदलाव के संकेत मिल रहे है। कल से अंचल में हल्की बारिश देखने को मिल सकती है। हालांकि प्रदेश के अन्य हिस्सों में संभावना अधिक जताई गई है। इधर अंचल का अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है।

0 **राजनांदगांव।** मौसम में अचानक बदलाव आने के चलते भीषण गर्मी का वातावरण निर्मित है। दोपहर की धूप चिलचिलाने लगी है। सुबह से देर रात तक गर्म हवाओं से लाग हलाकान हो रहे हैं।

## माए एंगल




संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
डॉ. कल्याण श्याम वझलवार
हमारी बाल चिकित्सा देखभाल और सेवाएं
• टीकाकरण
• नेबुलाइजेशन
• ओ.पी.डी. (बाह्य रोगी विभाग)
• आई.पी.डी. (इनपेशेंट विभाग)
• CPAP सतत सकारात्मक वायुमार्ग दबाव चिकित्सा
• वेंटिलेटर
• एन.आई.सी.यू. नवजात गहन चिकित्सा इकाई
• पी.आई.सी.यू. बाल चिकित्सा गहन चिकित्सा इकाई
• बिलीकेयर टेस्ट गैर इनवेसिव बिलीरूबिन मापक
• ओटोअकॉस्टिक एमिशन टेस्ट (OAE)
• नवजात बच्चों की सुनने की क्षमता के लिए जाँचें
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

एक एहसास अपनेपन का... स्पर्श
मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
राम नगर, सुपेला, भिलाई
प्रदेश के सुप्रसिद्ध पेट, आंत, लीवर एवं पैन्क्रियास रोग विशेषज्ञ
डॉ. अर्पण जैन
एमबीबीएस, एमडी (गोल्ड मेडलिस्ट), डीएम (गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट)
आपके शहर राजनांदगांव में
पेट, आंत, लीवर एवं पैन्क्रियास रोग के लक्षण
भूक न लगना, एसीडिटी, पेट में दर्द, जलन, घाव,गांठ,पानी भरना, टी.वी. होना, लीवर में चर्बी जमना, आंतों का कैंसर, हेपेटाईटिस, पित्त की नली में पथरी, खाना न पचना व अन्य
समस्त एंडोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी, ईआरसीपी प्रक्रियाएं
पैन्क्रियाटाइटिस एवं पैंक्रियाज के कैंसर का इलाज
दिनांक : 01 अप्रैल 2025, मंगलवार
स्पर्श चाईल्ड केयर
बीएसएनएल माइक्रोवेब टॉवर के पास, भदौरिया चौक, जी.ई. रोड, राजनांदगांव
समय दोपहर 2:00 बजे से 4:00 बजे तक
-: अग्रिम पंजीयन हेतु कॉल करें :-
90981 22633, 7773010942
Deepak Advts.

इस नवरात्रि अपने घर लेकर जाए अपना मन पसंद जॉन डियर ट्रेक्टर
जिंदगी का बेस्ट डिसिजन!
JOHN DEERE
5405 4WD
TREM IV
जॉन डियर के सभी कृषि उपकरण उपलब्ध
वंदना ट्राली के अधिकृत विक्रेता
जॉनसन थ्रेसर एवं नीरज सीड ड्रिल उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता - जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
ब्रांच- रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर बाजू में, राजनांदगांव 98279 53976 अंबागढ़ चौकी 8103024569 चिचोला गण्डई
संपर्क - 9977184777, 8120006476, 9406011166 सर्विस 8120006480, 8120001601

Follow Us On @Saheljewellers
FIRST AND BIGGEST
Designer Jewellery Showroom
सहेली ज्वेलर्स
RAIPUR | DURG
Scan Here
शुभ-लग्न Utsav-2025
आज का सोने का भाव
22 कैरेट
₹83200*
प्रति 10 ग्राम
सहेली ज्वेलर्स पर आज का भाव
22 कैरेट
₹81200*
प्रति 10 ग्राम
*GST APPLICABLE
हीरे के आभूषणों पर फ्लैट 10% OFF
Valid On
Durg, Shree Shivam Mall +91 9399809928
Raipur, Sadar Bazaar +91 9584411144
सही शुध्दता - सही सलाह - सही कीमत - सर्वश्रेष्ठ डिजाइन्स
100% HUID हॉलमार्क ज्वेलरी। | 100 % IGI सर्टिफाइड डायमंड ज्वेलरी | 1,00,000+ डिजाइन्स की उत्कृष्ट रेंज | 100% लाइफटाइम बाय बैक गारंटी | SUNDAY OPEN
*T&C Apply
TEAM CREATIVE ADVERTISERS

## खबर संक्षेप



### सामुदायिक भवन का भूमिपूजन

**राजनांदगांव।** ग्राम पंचायत बासुला में सरपंच, उपसरपंच सहित पंचायत प्रतिनिधि की उपस्थित में अनुसुचित जाति विकास प्राधिकरण मद से स्वीकृत 6.50 लाख की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन के दौरान सरपंच मलिखम कोसरे, उपसरपंच सौरभ वैष्णव, ग्राम पटेल मुरलीशरण वैष्णव, पंच उमेश साहू, गीतालाल वर्मा, सत्यवती टंडन, दुर्गा महिलांगे, राहुल वर्मा, मनोज वर्मा, सुखसगर वर्मा, किरपा साहू, सुकलू माडले, मनहरन कोसरे, दिलीप आदि उपस्थित थे।

### कांकेतरा में मनाया भूमिपूजन उत्सव



**राजनांदगांव।** अक्षय कृषि परिवार के भूमि सुपोषण एवं संरक्षण अभियान अंतर्गत सृजन सामाजिक संस्था द्वारा ग्राम कांकेतरा में भूमिपूजन उत्सव मनाया गया। जिसमें ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मिट्टी का झरण रोकने, मिट्टी के संवर्धन के उपाय कार्यान्वित करने, रासायनिक खाद और रासायनिक कीटनाशकों का उपयोग नहीं करने, कृषि सिंचाई में जल का अपव्यय रोकने और मेड़ पर पेड़ लगाने संबंधी जानकारी लोगों को देना है। सृजन सामाजिक संस्था द्वारा आयोजित उक्त भूमिपूजन के लिए ग्राम के किसानों द्वारा अपने खेतों से मिट्टी लाकर एक स्थान पर एकत्रित कर विधि-विधान और मंत्रोपचार के साथ मिट्टी की पूजा की गई। पूजन के बाद भूमि के सुपोषण और संरक्षण हेतु सभी के द्वारा शपथ लेकर मिट्टी को वापस अपने खेत में ले जाकर छिड़काव किया गया। भूमिपूजन उत्सव में सरपंच तेजेस्वरी साहू, अर्जुन गोंड, पूर्णिमा गोंड, अंकालू देवांगन, शिव देवांगन, अशोक देवांगन, नारायण जांगड़े, पंच पुष्पा साहू, तामेश्वरी साहू, पार्वती देवांगन, आंगनबाडी कार्यकर्ता डिम्पल देवांगन, आशा सिन्हा और यशोदाबाई उपस्थित थे। सृजन सामाजिक संस्था के अध्यक्ष शरद श्रीवास्तव ने बताया कि भूमि के प्रति क्षीण हुई श्रद्धा के पुर्नस्थापन हेतु भूमिपूजन के लिए चैत्र शु. प्रतिपदा एक सर्वमान्य उचित अवसर है, जिसे प्रतिवर्ष करते रहना चाहिए। इस अवसर पर संस्था के समन्वयक महेश साहू, सुनीता यादव और दीपक वर्मा का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

### आपसी द्वंद के कारण विकास कार्य अवरुद्ध

# शहर विकास के लिए करोड़ों स्वीकृति के बावजूद लगा ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

नगर पालिका में लचर व्यवस्था और वहा काबिज जिम्मेदार अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों में इच्छाशक्ति की कमी के चलते लगभग आठ करोड़ रुपयों के विकास परक कामों में ग्रहण लगा हुआ है और इसका खामियाजा शहर की आम जनता भुगत रही है। जिला बनने के बाद जिस हिसाब से शासन स्तर पर तस्वीर और तदबीर बदलने राशि दी जा रही है उस हिसाब से विकास की गति काफी तेज होनी थी, लेकिन विडंबना है कि जिन कामों से शहर का कायाकल्प होना था वो सब महीनों से बाधित है।

जानकारी अनुसार 26 जुलाई 24 को पंद्रहवे वित्त अंतर्गत अलग-अलग बीसों वार्डों में दो करोड़ 39 लाख रूपयों की लागत वाले 57 कामों की स्वीकृति शासन से मिली। संबंध में नपा परिषद ने 31 जुलाई 24 को निविदा प्रकाशन कर 21 अगस्त 24 तक इच्छुक कार्य एजेंसियों से आवेदन आमंत्रित किया, लेकिन निर्धारित तिथि को वहा मौजूद रहने के बाद भी दो ठेकेदारों को निविदा फार्म नहीं दिया गया जिसके चलते काफी बवाल हुआ और ठेकेदारो ने निविदा फार्म नही मिलने पर नगरीय प्रशासन विभाग से शिकायत कर दी। मामले में जिसके बाद संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन विभाग ने नपा से सवाल जवाब तलब कर 27 अगस्त को संचालक को निविदा संबंधी प्रक्रिया में प्रक्रियात्मक त्रुटि का हवाला देते हुए नए सिरे से दुबारा निविदा आमंत्रण की अनुशंसा की इसी बीच दोनों ठेकेदारों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया जहां 30 अगस्त 24 को कोर्ट ने नपा को कड़ी फटकार लगाते हुए ने दोनों याचिकाकर्ताओं को निविदा प्रक्रिया मे शामिल करने का आदेश दिया। कोर्ट के आदेश का नपा ने पालन किया लेकिन बाद में पीआईसी से दर सार्वजनिक होने का कारण बताते हुए प्रस्ताव पारित कर निविदा की पूरी प्रक्रिया ही निरस्त कर दी।

### पंद्रह दिन के भीतर जमा करने का है नियम

प्रशासनिक उदासीनता और जनप्रतिनिधियों में इच्छा शक्ति की कमी के चलते विकास संबंधी एक ईंट भी नौ महीने से नही रखा है। लगभग 8 करोड़ के काम अलग अलग मद से स्वीकृत है, लेकिन राजनैतिक दबाव इस कदर हावी है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भी नपा कारवाई करने की जगह समय काट रही है। नियमानुसार निविदा शर्त की कंडिका चार अनुसार एसओआर से दस प्रतिशत से कम ज्यादा होने की स्थिति में इस्टीमेट व निविदा दर की अंतर राशि निविदा खोले जाने के पंद्रह दिवस के भीतर स्वमेव जमा करना अनिवार्य है और इसके लिए नपा द्वारा कार्य एजेंसी को एक बार ही पत्र जारी किया जाना है। अंतर राशि जमा नही करने की स्थिति में कार्य एजेंसी को एक साल के लिए ब्लैक लिस्टेड कर नपा के किसी भी निविदा प्रक्रिया में शामिल होने से वंचित करने का उल्लेख है लेकिन यहॉ ऐसा नही हो रहा है नेताओं के दबाव के चलते नपा अपने ही नियमों को दरकिनार कर रही है जिसका खामियाजा आम लोगों का उठाना पड़ रहा है। इस बीच यह चर्चा भी आम हो रही है कि क्या अंतर राशि जमा करने मे कोताही बरत रहे ठेकेदारों को उपकृत करने नपा मामला शांत होने पर इस विषय को पीआईसी के समक्ष रखेगी और येन केन प्रकारेण कार्य एजेंसी का बिलो रेट मे काम करने में असमर्थता का हवाला देते हुए कामो को निरस्त करने का प्रस्ताव पारित करवा दे।

### 44 काम अटका

बाद में नये सिरे से निविदा आमंत्रित की गईं, लेकिन प्रतिस्पर्धा के चलते सारे काम पंद्रह से सत्रह प्रतिशत बिलों रेट पर गया यहा भी बिलों रेट में काम लेने वाले ठेकेदारो से अंतर की राशि जमा कराने में नपा का हाथ पांव फूल गया है। 57 काम लेने वाले सात में से पांच ठेकेदारों ने अंतर की राशि जमा कर दी है और बकायदा उनके तेरह कामों का भूमिपूजन भी हो गया है, लेकिन महज दो ठेकेदारो द्वारा अंतर राशि जमा नही करने के कारण 44 काम चालू नही हो पाया है। 29 सितंबर को संचालक नगरीय प्रशासन विभाग ने स्पष्ट रूप से आदेश जारी कर कहा कि दस प्रतिशत से ज्यादा बिलो रेट होने पर मांग की तिथि के पंद्रह दिनों के भीतर परफार्मेंस गारंटी राशि जमा नही करने पर एक बार ही सूचना देकर निविदा निरस्त कर दिया जाए, लेकिन नपा नोटिस जारी करने के बाद शांत हो गई है और नियमानुसार कारवाई करने में नपा के हाथ पांव फूल रहे है जिसका खामियाजा आम लोगों को सुविधा से महरूम होकर उठाना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि पंद्रहवें वित्त से स्वीकृत कामों को लेकर तीन से चार बार निविदा प्रकाशन हुआ इसके बाद जिस रफ्तार से काम को गति मिलनी थी वो धरातल में कही नही दिख रहा।

### प्रयास किया जा रहा है

पदस्थापना के बाद से नगर विकास को लेकर कार्य प्रांरभ करने हर संभव प्रयास किया जा रहा है। कुछ कामों का भूमिपूजन हो गया है शेष काम भी दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी होते ही शुरू हो जाएगा।

**- नरेश वर्मा,** सीएमओ

# एक साल बाद छेड़छाड़ का मामला हुआ दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में छात्रा के साथ छेड़छाड़ का सनसनीखेज मामला सामने आया है। विवि प्रशासन की अनदेखी और लापरवाही के चलते एक साल तक दबा मामला अब उजागर हुआ है जिसके बाद छात्रा से छेड़छाड़ और अश्लील हरकतों के आरोप में पुलिस ने प्राध्यापक डॉ. योगेंद्र चौबे को प्रथमदृष्टया दोषी पाते हुए राजनांदगांव के स्पेशल कोर्ट में पेश किया जहॉ से उसे जेल भेज दिया गया है। मामले को लेकर पता चला है कि संगीत विवि मे पढ़ने वाली छात्रा को आरोपी प्राध्यापक ने परीक्षा में अच्छे अंक दिलाने का लालच दिया और फिर अश्लील इशारे करने लगा। जब छात्रा ने इसका विरोध किया तो वह लगातार दबाव बनाने लगा और मोबाइल पर आपत्तिजनक संदेश भेजने लगा। पीड़ित छात्रा ने पहले विवि प्रशासन से इसकी शिकायत की लेकिन जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो राज्य महिला आयोग और राष्ट्रीय महिला आयोग तक मामला पहुंचा।

### महिला आयोग के निर्देश पर पुलिस ने जांच की शुरू

महिला आयोग के निर्देश पर पुलिस ने गंभीरता से जांच शुरू की और आरोपी प्राध्यापक को शनिवार रात हिरासत में लिया। पूरी रात पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी को प्रथम दृष्टया दोषी मानते हुए रविवार को जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार यह मामला अगस्त 2023 में दर्ज हुआ था लेकिन विवि प्रशासन की अनदेखी के कारण कोई कार्रवाई नहीं हुई। राष्ट्रीय महिला आयोग के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने जांच तेज की और आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ और यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किया। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या आरोपी ने अन्य छात्राओं को भी इसी तरह परेशान किया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अगर आगे की जांच में और गंभीर तथ्य सामने आते हैं तो आरोपी के खिलाफ और कड़ी धाराओं में केस दर्ज किया जाएगा। गौरतलब है कि संगीत विवि मे छात्राओ से छेड़छाड़ का यह पहला मामला नही है इससे पहले भी ओडिसी विभाग के शक्षिक पर वही की छात्राओं ने भद्दे इशारे करने का आरोप लगाते हुए मोर्चा खोल दिया था, लेकिन विवि प्रशासन ने उनकी एक नही सुनी और विशाखा गाइड लाइन के तहत नार्मल कारवाई कर शिक्षक को बरी कर दिया।

### पुरैना में ज्योति कलश स्थापित

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी के पैतृक ग्राम पुरैना में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर श्रद्धा और भक्ति के साथ ज्योति कलश एवं जवारा स्थापना किया है। इस अवसर पर ग्रामीणों ने आस्था के साथ मां दुर्गा की आराधना कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान श्री लोधी ने कहा कि नवरात्रि शक्ति की उपासना का पर्व है, और इसी दिव्य ऊर्जा से प्रेरित होकर ज्योति कलश एवं जंवारा की स्थापना की गई है।

# कर्मा माता की जयंती धूमधाम से मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया





ग्राम पेंडरवानी में भक्त माता कर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह शामिल हुए। इस मौके पर कर्मा माता के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए विक्रांत सिंह ने कहा कि वह न केवल साहू समाज बल्कि संपूर्ण मानव समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उनका ईश्वर पर अटूट विश्वास था। ग्रामीणों ने जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह की समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए किए जा रहे प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम में साहू समाज के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए श्री सिंह ने संगठित प्रयासों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने शिक्षा, कृषि, व्यापार और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए समाज से सहयोग का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा नेता राकेश ठाकुर, इंदल साहू, ढालू साहू, लीलाराम साहू, नारायण साहू, रामाधार, विष्णु साहू, फत्ते साहू, गोपाल सहित अन्य उपस्थित थे।

**छुरिया।** भंडारपुर में आयोजित कर्मा जयंती समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। उन्होंने मां कर्मा की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर श्रीमती वैष्णव ने कहा कि मां कर्मा भगवान की महा भक्त थीं, इसलिए श्रीकृष्ण ने उन्हें साक्षात दर्शन दिए थे।

माता ने सामने बैठकर श्रीकृष्ण को खिचड़ी खिलाई थी। इस अवसर पर चुरामन साहू, उत्तरा निषाद, सीमा चंद्रवंशी, तुलाराम साहु, जोधीलाल साहु, प्रेमीचंद साहु, दशरथलाल चंद्रवंशी, खिलेन्द साहु, संजू साहु, बिजरालाल यादव, मंगलदास साहू, मुनबाई चंद्रवंशी, यशोदाबाई पटेल, यशोदिया साहु, सविता बाई साहु, रमेश्रर चन्द्रवंशी समेत अन्य उपस्थित थे।

### गाजे बाजे के साथ निकाली कलश यात्रा



**पटेवा।** ग्राम पंचायत इरईकला में साहू समाज की आराध्य देवी मां कर्मा की जयंती उल्लास के साथ मनाया गया। ग्राम की महिलाओं ने बाजे गाजे के साथ कलश यात्रा निकाली। कर्मा भवन में सामूहिक महाआरती किया गया। स्वागत उद्बोधन के बाद सामाजिकजनों का सम्मान किया गया। सामाजिक बहनों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य किरण विनोद बारले थी। अध्यक्षता मंडल साहू समाज के अध्यक्ष हीरा लाल साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य तुलसी साहू, सरपंच ललित कुमार साहू थे। संचालन डाकेश्वर प्रसाद साहू ने किया। अंत में आभार व्यक्त श्याम लाल साहू ने किया। कार्यक्रम में शांति निर्मलकर, जयश्री साहू, नूतन साहू, डोमार साहू, हिरेंद्र साहू, माधो साहू, हुलास साहू, शोभादास, डोमलाल साहू, कृष्णा साहू, मंशाराम साहू, जीवराखन साहू, डेहरदास आदि उपस्थित थे।

**कर्मा जयंती पर निकली शोभायात्रा :** डोंगरगढ़। मुड़िया में साहू समाज एवं ग्रामीणों ने कर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन किया। ग्रामीणों ने शोभायात्रा निकालकर गली भ्रमण किया और राम मंदिर एवं भक्त माता कर्मा की पूजा अर्चना किया। कार्यक्रम में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल शामिल हुई। उन्होंने माता कर्मा बताये रास्ते पर चलने के जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने समाज की मांग पर भवन जीर्णोद्धार के लिए 5 लाख देने की घोषणा की। जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव ने मुड़िया की मांग को पूरा करने का आश्वसन दिया। सभा को सुरेश सिन्हा, दुर्गा प्रसाद रात्रे और दयालु वर्मा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सरपंच चंद्रिका धर्मेंद्र मंडावी, लालाराम वर्मा, कैलाश साहू, रामकिशन साहू, रतन साहू, नीलेश्वर वर्मा, मोरध्वज वर्मा, केशव वर्मा, पतराम वर्मा, रंजीत भारती, दयालु वर्मा, नोहर वर्मा, कामता वर्मा, भोजराम वर्मा, सारथी वर्मा, रामसुख साहू, लोकनाथ साहू, सुखचरण साहू, तुमलाल साहू, महेश साहू, तोरण साहू, जुलम साहू, विमल साहू, उदन वर्मा आदि मौजूद थे।

# नवीन अनुसंधान पद्धति आधारित सात दिवसीय कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत शासकीय विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव द्वारा प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के निर्देशन में 19 से 27 मार्च के बीच नवीन अनुसंधान पद्धति पर सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

19 मार्च को पहले सत्र के दौरान प्राचार्य ने स्वागत उद्बोधन देते कहा कि इस तरह की कार्यशाला वास्तव में स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को शोध करने प्रेरित और मार्गदर्शन देती है। इस कार्यशाला के माध्यम से वे शोध की अवधारणा, इसे कैसे करना है और शोध के लाभ और सीमाओ को समझेंगे।

रसायन विज्ञान के सहायक प्राध्यापक डॉ. एके झा ने पहले दिन शोध विधियों और दूसरे दिन लेख लेखन पर व्याख्यान दिया, जहां उन्होंने शोध करने, शोध समस्याओं की पहचान करने और गुणवत्तापूर्ण शोध आलेख प्रकाशित करने के तरीके पर विस्तार से बताया।

समापन समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा अब आप अनुसंधान के बारे में जानते हैं और अब बिना कठिनाईयों एवं उचित नियोजन से अनुसंधान में कार्य संपन्न कर सकते हैं। प्रत्येक सहभागी को भागीदारी का प्रमाण पत्र दिया गया और डॉ. एके झा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यशाला के आयोजन में परमेश्वर वर्मा, डॉ. श्रुति सोनी एवं महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टॉफ की सक्रिय सहभागिता रही।

### शोध पद्धति पर दिया व्याख्यान

शा. नवीन महाविद्यालय हसौद सख्ती के सहायक प्राध्यापक डॉ. धम्मपाल रामटेके ने तीसरे दिन मेटलैब की मूल बातें एवं शोध में इसके विस्तृत अनुप्रयोगों के बारे में बात की। डॉ. रंगनाथ ने चौथे दिन शोध पद्धति पर व्याख्यान दिया। पाचवें दिन डॉ. वासुदेव गुरनुले द्वारा शोध पद्धति और शोध नैतिकता पर व्याख्यान दिया गया और डॉ. सुमित श्रीवास्तव द्वारा शोध अनुदान और शोध फैलोशिप पर व्याख्यान दिया गया। छठे दिन डॉ. अक्षय कुमार राउत ने रसायन विज्ञान अनुसंधान में कंप्यूटर का अनुप्रयोग विषय पर व्याख्यान दिया। अंतिम दिन डॉ. मनोज कुमार सिंह ने अनुसंधान नैतिकता पर व्याख्यान दिया।

### एक दूसरे को गले लगाकर ईद की दी मुबारकबाद

# खुशहाली की दुआ के साथ मनी ईद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

हमेशा की तरह परम्परानुसार मुस्लिम समाज ने जश्ने ईद-ऊल-फितर का मुबारक त्यौहार हर्षोल्लास साथ मनाया। दाऊचौरा स्थित ईदगाह में सुबह 9 बजे जामा मस्जिद के पेश ईमाम हाफिज फखरुद्दीन मिस्बाही ने ईद की पाक नमाज, तकरीर बाद नमाजे ईदुलफितर मुस्लिम रवायत के मुताबिक अता की गई जिसके बाद ईद-ऊल-फितर का विशेष खुदबा पढ़ा गया व आखिर में सलातो-सलाम पढ़कर वतन के अमन, चैन व खुशहाली के साथ सभी की सलामती की दुआ मांगी गई।


दुआ बाद मुसलमान भाईयों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारक दी और कब्रिस्तान पहुंचकर अपने मरहुमो के ईसाले सवाब के लिए फातिहा पढ़ी जिसके बाद पूरे दिन एक दूसरे के घर जाकर ईद की मुबारकबाद देते रहे और सेवई-खीर तस्कीम का सिलसिला चलता रहा। इस दौरान नपा उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान, मोहिब्बुल हक, जियाउल हक़, जामा मस्जिद सदर अरशद हुसैन, जफ़र हुसैन खान, नासिर मेमन, रिज़वान मेमन, ईमरान मेमन, मोहसिन अली, जाहिद अली, मुर्तजा खान, इदरीस खान, कासिम खान, खलील कुरैशी, याहिया नियाज़ी, शमसुल होदा खान, जफर उल्लाह खान, जहीन खान, सैय्यद अल्ताफ अली, अय्यूब सोलंकी, फारुख मेमन, जमीर कुरैशी, कदीर कुरैशी, मतीन अशरफ, गौस मोहम्मद बेग, जमील मेमन, समीर कुरैशी, शौकत अली, शादाब खान, नदीम मेमन, सोहैल खान, राजा सोलंकी सहित शांति व्यवस्था बनाए रखने थाना प्रभारी अनिल शर्मा, एएसआई प्रकाश सोनी, एएसआई कमलेश बनाफर, आरक्षक चंद्रकांत वर्मा, कमलेश कोर्राम व मुरली वर्मा भी ईदगाह में मौजूद थे।

### पवित्र महीना माना

ईस्लाम धर्म की मान्यता अनुसार मुसलमानों के लिए बेहद खास व पाक महीने रमजान में मुसलमानों पर एक माह तक रोजा रखना, कुरान की तिलावत करना, तरावीह सुनना और कसरत से खुदा की इबादत करना व जकात निकालना फर्ज और सुन्नत माना गया है। आखिरी रोजे के मुकम्मल होने के बाद चांद का दीदार कर जश्ने ईद मनाई जाती है। माना जाता हैं कि खुदा ने मुसलमानो पर खुद का फितरा निकालना वाजिब फरमाया हैं इसलिए ईद को ईदुलफितर कहा जाता हैं वही धार्मिक मान्यता अनुसार रमजान के पाक महीने के बाद ही पहली बार कुरान आई थी। इसके अलावा माना जाता है कि 624 ईस्वी में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब ने बद्र की लड़ाई में जीत हासिल की थी तब सफलता की खुशी में उन्होंने लोगों का मुंह मीठा कराया था और पहली बार तब ईद मनाई गई थी। त्यौहार को लेकर नौनिहालों से लेकर बड़े बुजुर्गों में खासा उत्साह नजर आया। नमाज के दौरान ईदगाह परिसर के नजदीक व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग सराहनीय रहा।

# राजपूत समाज के बच्चों को शुल्क में 50 फीसदी छूट

**घुमका।** छत्तीसगढ़ राजपूत क्षत्रिय महासभा राहटादाह उपसमिति राजनांदगाव के नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में रविवार को दैहान, डुमरडीह कला पहुंचकर सामाजिकजनों से मुलाक़ात कर आभार व्यक्त किया। पदाधिकारियों को तिलक लगाकर माता बहनों ने आरती कर सम्मानित किया। इस मौके पर अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह क्षत्रिय ने बताया कि राजपूत परिवार के बच्चों को कक्षा पहली से 12वीं तक ररायल किड्स स्कूल में 50 प्रतिशत वार्षिक शिक्षण शुल्क में छूट दी जाएगी। इसका लाभ लेने के लिए समाज के छात्र-छात्राओं को अध्यक्ष का अनुशंसा पत्र जमा करना होगा। अध्यक्ष क्षत्रिय ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए शिक्षा क्षेत्र को मजबूत करने यह पहल की गई है। उन्होंने बताया कि वह संकल्प पत्र को पूरा करने जुट गए हैं। इस मौके पर उपाध्यक्ष संतोष चंदेल, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य केदार सिंह राजपूत, घनश्यामसिंह चंदेल, इंद्रपाल सिंह, नरेंद्रसिंह, राजेश सिंह आदि मौजूद थे।






## खबर संक्षेप

### छात्राओं ने किया अनुभव साझा



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय में 26 मार्च को कला संकाय प्रभारी डॉ. आशा चौधरी के हिर्देशन में भूतपूर्व छात्र-छात्राओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बलराम, भागवत चंद्रवंशी, रमन साहू, सोम मंडावी, शकुंतला टेकाम आदि शामिल हुए। कार्यक्रम के आरंभ में विद्या साहू ने सरस्वती वंदना एवं अरूण साहू द्वारा स्वागत कविता प्रस्तुत किया। स्वागत के बाद हिन्दी विभाग प्रमुख डॉ. नीता राजपुत ने बैठक के उदेश्य पर प्रकाश डाला। कला संकाय प्रभारी डॉ. चौधरी ने कहा कि सभी में कुछ सकारात्मक गुण होते है, जो अच्छे कार्य में लगाना चाहिये। शिक्षक और छात्र-छात्राओं को एक-दूसरे को आवश्यकता पड़ती है। गुरु शिष्य का संबंध कभी न समाप्त होने वाला रिश्ता है। हिंदी विभाग की नीलम सिन्हा ने छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा गया कि यदि कभी कुछ समस्याएं आए तो हम उन्हें दूर करने का प्रयास कर सकते हैं। डॉ. येशुकृति हजारे ने कहा कि अच्छाई और बुराई सभी में होती है अतः आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना आवश्यक है। इस दौरान पूर्व छात्र रमन साहू, शकुंतला टेकाम, सोम मंडावी, बलराम ने अपनी बात रखा। कार्यक्रम का संचालन विकास मेश्राम एवं करण मेश्राम, अंत में आभार प्रदर्शन चांदनी कंवर ने किया गया। इस दौरान अलीशा मानिकपुरी, मोना सेन, चांदनी जंघेल, प्रेमलाल वर्मा, रोशन लाउत्रे, योगेश, विकास मेश्राम, करण मेश्राम, नीलम वर्मा, नीलम यादव, आस्मिन साहू, काजल वर्मा, अरुण आदि उपस्थित थे।

### मंदिरों में दिख रहा नवरात्र पर्व का उल्लास

# तप रही सड़क फिर भी नंगे पैर भक्त बढ़ रहे माता के दरबार की ओर

### विविध आयोजनों से गांवों में भक्ति का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

चैत नवरात्र के मौके पर मां बम्लेश्वरी के दरबार में आस्था के साथ 8429 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किया गया। उपर मंदिर, नीचे मंदिर में कालभैरव के आव्हान के साथ माता जी की प्रथम ज्योत को अध्यक्ष मनोज अग्रवाल एवं बबलू षांडिल्य ने बैगाओं की उपस्थिति में प्रज्जवलित किया। इसी प्रकार उपर मंदिर में 7455 एवं नीचे मंदिर में 905 ज्योति कलश की स्थापना देर रात तक किया गया। शीतला मंदिर में 69 ज्योतों को विधि विधान से स्थापित किया गया है। शहर के दंतेश्वरी, रणचंडी, काली, दुर्गा सहित अन्य मंदिरों में ज्योति कलशों की स्थापना की गई है।

नवरात्र के पहले रविवार होने के कारण प्रातः से देर रात तक लगभग एक लाख दर्षनार्थियों ने माता के दरबार में हाजरी लगाया। सोमवार को ईद की छुट्टी होने के कारण सुबह से दर्शनार्थियों की संख्या में इजाफा देखने मिला। नवरात्र शुरू होने के साथ ही रोपवे को लेकर शिकायत सामने आने लगी है। ट्रस्ट द्वारा संचालित रोप वे में वीआईपी के कारण अव्यवस्था देखने मिल रही है। पहले दिन घंटो लाइन में खडे होकर दर्शनार्थी परेशान होते रहे वहीं नेता, अधिकारी, कर्मचारी दबाव बनाकर बिना टिकट के रोपे पे ऊपर जाकर दर्शन करते नजर आए। व्हीआईपी के कारण महिलाओं एवं बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।







#### एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टापेज

नवरात्रि पर्व को ध्यान में रखकर रेलवे प्रशासन ने प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टापेज तय किया है साथ ही पांच अन्य ट्रेनों की शुरूआत की है। दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखकर आरपीएफ एवं जीआरपीएफ ने स्टेशन परिसर एवं स्टेशन के अंदर भी सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। रेल्व ने लोगों की सुविधा के लिए बुकिंग आफिस में तीन टिकट काउंटर खोले हैं।

#### जगमगा रहे आस्था के कलश

**सड़क अतरिया।** चैत्र नवरात्रि पर्व को लेकर पुरा अंचल में भक्ति का माहौल है। देवी मंदिर एवं जोत ज्वारा स्थापित घरों में दिन भर माता के भक्तों का रेला लगा हुआ है। सभी तरफ भजन कीर्तन के मधुर सुनाई दे रहे हैं। नवरात्र के पहले दिन से माता के भक्त बम्लेश्वरी दर्शन करने पैदल रवाना हो रहे है। क्षेत्र के आसपास गांव के अलावा कवर्धा, बेमेतरा जिला के लोग तपती धूप में आस्था प्रकट करते हुए पैदल माता के दर्शन करने जा रहे हैं। नवरात्रि के पहले दिन नर्मदा मंदिर में 191 ज्योति कलश प्रज्जवलित किया गया है। इसी प्रकार सिद्ध बाबा मंदिर 207 तेल एवं 4 घी के जोत जगमगा रहे हैं।



#### सड़कों पर श्रद्धालुओं का रेला

**गंडई पंडरिया।** आस्था, विश्वास और उम्मीद से लबरेज भक्त चैत्र नवरात्र के पहले दिन से माँ बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए जा रहे हैं। तेज धूप की परवाह किए बिना दूर-दूर के श्रद्धालुओं का जत्था पदयात्रा करता दिखाई दे रहा है। लचिलाती गर्मी और राहों की तपिश को अनदेखा कर श्रद्धालु नंगे पैर कई किलोमीटर का फासला तय कर माँ बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए जा रहे हैं। हाथों में ध्वज थामे, भगवा वस्त्र धारण किए, और नंगे पैरों से चलते भक्त माता के जयकारे लगाते हुए लगातार आगे बढ़ रहे हैं। कवर्धा, भोरमदेव, लोरमी, पंडरिया, बोड़ला सहित अन्य क्षेत्र के श्रद्धालु गंडई से होते हुए माँ बम्लेश्वरी के दरबार की ओर बढ़ रहे हैं।



# ब्लड बैंक कर्मचारी से मारपीट एवं तोड़फोड़ करने वाला दबोचा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला अस्पताल कबीरधाम के ब्लड बैंक में कार्यरत कर्मचारी के साथ मारपीट एवं तोड़फोड़ की घटना को अंजाम देने वाले एक आरोपी को कवर्धा कोतवाली पुलिस ने हिरासत में लिया है। आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 127/2025 धारा 296, 115(2), 351(3), 324(2) भारतीय न्याय संहिता (BNS) के तहत मामला पंजीबद्ध कार्यवाही की गई है।

बताया जाता है कि आरोपी हरिश साहू, पिता सुदर्शन साहू निवासी ग्राम खैरबना कला जिला कवर्धा ने किसी बात को लेकर अपने साथियों के साथ मिल कर जिला चिकित्सालय में संचालित ब्लड़ बैंक में कार्यरत कर्मचारियों को न सिर्फ मारपीट की बल्कि अस्पताल में तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया। इस घटना के बाद कर्मचारियों ने इस मामले की जानकारी तत्काल कवर्धा कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर पहुंचकर आरोपी हरिश साहू को हिरासत में ले लिया। वहीं अन्य संभावित आरोपियों की पहचान कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि अस्पताल एक सेवा स्थल है, जहां मरीजों का उपचार किया जाता है, न कि उपद्रव फैलाने का स्थान।

इस प्रकार की अराजकता फैलाने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस द्वारा कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है ताकि भविष्य में कोई भी इस तरह का साहस न करे।

## धर्मनगरी में गणगौर पूजा की धूम



**डोंगरगढ़।** मारवाड़ी समाज द्वारा गणगौर की पूजा श्रद्धा एवं भक्ति के साथ की जा रही है। होलिका दहन के दूसरे दिन से समाज की नव विवाहित महिलाओं के साथ कन्याओं द्वारा पूजा की जाती है। यह पूजा नवरात्रि के तीसरे दिन तक जारी रहती है। चैत्र शुक्ल तृतीया के दिन यह पर्व नगर में धूमधाम से मनाया जाएगा। मां बमलेश्वरी देवी की नगरी में पर्व मना रही युवतियों ने बताया कि वह राजस्थान के इस सबसे बड़े पर्व को मनाने एकत्र हुई हैं। होली के दूसरे दिन से प्रारंभ होने वाली पर्व की पूजा होलिका में चढ़ाए जाने वाले कंडे से बने बड़कुले की होली जलने के पश्चात 16 बडकुले रखकर पूजा प्रारंभ की जाती है। 16 दिनों तक होने वाली इस पूजा में 16 गीत, 16 सुहाग के श्रृंगार हल्दी, काजल, कुमकुम, मेहंदी से 16 दिनों तक बिंदी लगाकर पूजा की जाती है। पर्व के तहत शीतला अष्टमी से गणगौर को विराजमान कर शोभायात्रा के रूप में बिंदोरा निकाला जाता है। सुबह दूबी व जल से पूजा कर सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। अंतिम दिन शोभायात्रा निकालकर महावीर तालाब में गणगौर का विसर्जन किया जाता है।

# आचार्यश्री के चरण चिन्ह स्थापित

### जैन समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़



ब्रम्हलीन आचार्य विद्यासागर महाराज के चरण चिन्ह दिगम्बर जैन मंदिर में स्थापित किए है। गत 30 मार्च को संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के अष्ट धातु से निर्मित चरण चिन्ह में गाजे – बाजे के साथ जुलूस निकालकर मंदिर लाकर स्थापित किया गया। इस दौरान जैन समाज के लोगों ने अपने घर सामने रंगोली बनाया था।

श्रीफल अर्पितकर एवं आरती कर चरण चिन्ह का स्वागत किया। चरण चिन्ह को स्थापित करने का सौभाग्य सुशील जैन, सारंग जैन, सोपान जैन को प्राप्त हुआ। चरण चिन्ह का प्रथम अभिषेक करने का सौभाग्य भी इन्ही परिवार को प्राप्त हुआ।

इस मौके पर दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष अनिल जैन, कोषाध्यक्ष जयकुमार जैन, सचिव यतीश कुमार जैन, चंद्रगिरी अतिशय क्षेत्र के अध्यक्ष किशोर जैन, कोषाध्यक्ष सुभाष चंद जैन, महामंत्री निर्मल जैन एवं जागृति महिला मंडल की महिलाएं मौजूद थी।

# नवरात्र के पहले दिन गरीबों का सपना हुआ साकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया



ग्राम पंचायत देवपुरा में 30 मार्च को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित आवासों में 5 परिवारों का विधि-विधान से गृह प्रवेश किया। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सरपंच जागेश्वरी नारद साहू और ग्रामीणों की उपस्थिति में पंडित ने पूजा-अर्चना संपन्न कराया। गृह प्रवेश कार्यक्रम मोहभट्ट में आयोजित मुख्य कार्यक्रम से जुड़ा रहा। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 3 लाख हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया। इसी क्रम में ग्राम पंचायत देवपुरा में जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल, जनपद पंचायत सीईओ रवि कुमार ने शाम 4 बजे कार्यक्रम आयोजित किया था। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत देवपुरा में अभी 35 और परिवार ऐसे हैं जिन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किस्त जल्द मिलने वाली है। गृह प्रवेश के दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल, जनपद पंचायत सीईओ रवि कुमार, सहायक परियोजना अधिकारी प्रकाशचंद तारम, विकासखंड समन्वयक आवास योजना अधिकारी रिंकू सोनी, सरपंच, आवास मित्र आदि उपस्थित थे।

**डोंगरगढ़।** ग्राम घोटिया में लगभग 80 लोगो को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने नए मकानों में नवरात्र के पहले दिन गृहप्रवेश कराया गया। सरपंच, आवास मित्र एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में ग्रामीण भाजपा अध्यक्ष अनिल सिन्हा ने केन्द्र सरकार की इस योजना के तहत बने आवासों में हितग्राहियो को गृह प्रवेश कराया।



#### जनप्रतिनिधियों ने कराया गृह प्रवेश


**सड़क अतरिया।** चैत्र नवरात्रि के मौके पर रविवार को जनप्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया। पंड़रिया में जनपद सदस्य ज्योति जंघेल, खैरबना गुमानपुर में डोमार सिंह भेड़िया, साल्हे बोराई में दुष्यंत जंघेल तथा सड़क अतरिया में सरपंच सोनम लोमश वैष्णव ने हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया। इस दौरान लीलाबाई जंघेल, संतोषी जंघेल, मिथला जंघेल, उमेश जंघेल, सुरेन्द्र जंघेल, मेलनबाई मेरावी, लीलाबाई, कल्पेश कुमार, कुमारीबाई यादव, संगीता निर्मलकर, अश्वनी वैष्णव, उत्तर कुमार जंघेल, महेश्वरी यादव, बसंत, गोपाल सहित अन्य शामिल थे।



### मस्जिद और ईदगाह में अदा की गई नमाज, पुरखों को किया याद

# ईद पर बिखरी खुशियां, गले मिलकर दी मुबारकबाद









हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरिया

नगर में मुस्लिम समुदायके लोगों ने हर्षोल्लास के साथ ईद मनाया। ईदगाह में सुबह नमाज अदा करने के बाद गले मिलकर एक दूसरे को बधाई दी। ईद के नमाज में अमन शांति के लिए दुआ मांगी गई । सोमवार को त्यौहार को लेकर उत्साह देखा गया। ईदगाह में नमाज अदा करने के बाद कब्रिस्तान में पूर्वजों के लिए फातिहा खानी की गई। लोगों ने पूर्वजों के मकबरा फूल माला चढ़ाकर अगरबत्ती जलाया। ईद के मुबारक मौके पर मनोज सिन्हा ने ईदगाह में गले मिलकर मुबारकबाद दी। इस अवसर पर पेश इमाम मो सद्दाम हुसैन, सदर वसीम कुरैशी, अलीम खान, तौकीर अहमद, अहमद खान, गफ्फार मेमन, सिद्दीक कुरैशी, मुजीब खान, अनवर खान, कादर खान, सलमान खान, वसीम खान, मेराज रजा, जकिल कुरैशी, मुज्जम्मिल खान, शोएब अहमद, अनवरूल हक़, अब्दुल खान सहित अन्य मौजूद थे।

**गैंदाटोला।** ग्राम में शानो शौकत के साथ ईद की नमाज अदा कर खुशहाली और अमन चैन के लिए दुआ मांगी गई। ईद के मौके पर सोमवार को हिन्दूओं ने मुस्लिमों से गले मिलकर बधाई दी। इस अवसर पर ईदगाह में हाफिज सुहैल रजा ने ईद की नमाज अदा कराया। इस दौरान मुस्लिम कमेटी के सदर खलील अहमद कुरैशी, मो.हामिद कुरैशी, मो.वाहिद कुरैशी,साजिद मेमन,अफजल कुरैशी, अजीज कुरैशी, समीर मेमन, शेख हनीफ कुरैशी, अनीश कुरैशी, वसीम कुरैशी, एजाज कुरैशी, कशफ़ कुरैशी, कादिर कुरैशी,अकील कुरैशी, रमीज रज़ा, अनवर कुरैशी, अख्तर कुरैशी, अजीम खान, वारिश खान,आरिफ खान, शेख अयान, शेख अनस, शेख अज़ान, अबान, अल्फैज, मो.अली आदि मौजूद थे। यह जानकारी युनुस अजनबी दी।

**गंडई पंडरिया।** गंडई नगर में सोमवार को ईद-उल-फितर का पर्व सौहार्द और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह ख़ुशरो ने मुस्लिम भाइयों के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भिज्ञेश यादव, अधिवक्ता सतीश सिंघानिया, पार्षद दिलीप ओगरे, अमन सोनी, क्रांति ताम्रकार, बांके वर्मा ,तामेश्वर साहू सहित अन्य उपस्थित थे। सभी ने मुस्लिम समुदाय को ईद की बधाई दी। सोमवार को सुबह मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सुरही नदी के तट पर स्थित ईदगाह में ईद की नमाज अदा की। मुफ्ती राशिद अनवर मिस्बाही ने नमाज पढ़ाई और देश की तरक्की और अमन-चैन की दुआ मांगी। पंडरिया मस्जिद में भी नमाज अदा की गई। नमाज के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान पूर्व नपं उपाध्यक्ष जावेद खान, पूर्व सदर अय्यूब कुरैशी, हबीब खान, इमाम राशिद अनवर सहित अन्य मौजूद थे।

**डोंगरगढ़।** एक माह तक चले रमजान का समापन ईद के साथ संपन्न हुआ। रविवार शाम को चांद देखने के बाद जामा मस्जिद के प्रमुख हाफिज मुफ्ती रियाजुद्दीन रिजवी मरकाजी ने मुस्लिम समुदाय के सभी लोगों को तकरीर के साथ ईद की नमाज अदा कराई। इस अवसर पर समुदाय के लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर बधाई दी। ईद की नमाज के साथ ही टेकरी वाले बाबा मजार में चादर पोशी किया गया। समुदाय के लोगो ने कब्रिस्तान जाकर अपने बुजुर्गो को याद कर फूल अर्पित किया।

**मानपुर।** ग्राम में ईद-उल-फितर का पर्व भाईचारे के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हाफिज कलीम रजा ने ईद की ममाज पढ़ाई। सुन्नी ईदगाह मे मुस्लिम भाइयों ने गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। सोमवार को सुबह मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईदगाह में ईद की नमाज अदा की। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के पूर्व सदर अनवर खान, बशीर खान, रफीक खान, सलीम खान, फिरोज खान, हुसैन खान, सुभान खान, जुम्मन, जाबिर खान, जिबराइल खान, हैदर खान आदि मौजूद थे।



#### उल्लास से मनाया गया ईद

**सड़क अतरिया।** माह भर के रमजान बाद खैरा नर्मदा एवं मानपुर में सोमवार को ईद का पर्व उल्लास के साथ मनाया गया। मुसलमान समाज के बच्चे, युवा, बुजुर्ग, महिला सभी पर्व को लेकर उत्साहित नजर आए। इस मौके पर मुसलमानों ने नमाज अदा कर एक दूसरे को गले लगाकर बधाई दिया। बच्चे, गरीब एवं अन्य को पर्व का ईदी दिया गया। लोगों ने सेवाई खाकर मुंह मीठा किया।



# पीआईसी को लेकर पार्षदों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

नगर पालिका कड़ी पीआईसी में कुछ पार्षदों को शामिल करने को लेकर लोगों ने जमकर नाराजगी देखी जा रही है। नवनिर्वाचित भाजपा पार्षदों को नजरअंदाज कर जातिगत आधार पर पीआईसी का सदस्य बनाना भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार बीते गुरूवार को पीआईसी के गठन करते हुए पर्यावरण एवं लोक निर्माण विभाग का जिम्मा अमित जैन, जल का जिम्मा देवेन्द्र साखरे, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग डी एकेष राव, राजस्व और बाजार विभाग सुमित ताम्रकर, खाद्य नागरिक आपूर्ति पुर्नवास एवं नियोजना प्रीति समुंद्रे, शिक्षा, महिला कल्याण विभाग डॉ. रेखा राघोर्ते तथा सामान्य विभाग उमा महेश वर्मा को सौंपा गया है। बताया जा रहा है कि प्रीति चमन समुंद्रे का सभापित बनना कई भाजपा नेताओं के गले से नहीं उतर रहा है। निर्दलीय चुनाव लड़ने वाली प्रीति को पार्टी ने 6 साल के लिए निष्कासित किया था।

#### एसटी वर्ग के पार्षदों की अनदेखी

इसी प्रकार तीन बार पार्शद रहे अमित छाबड़ा भी टिकट नहीं मिलने के बाद निर्दलीय चुनाव जीते है। उन्होंने भाजपा में पुनः शामिल होने की मंशा भी जाहिर किया है। उपाध्यक्ष के चुनाव में पार्टी के पक्ष में मतदान किया था। उन्हे भी नजरअंदाज कर दिया गया है। बताते है कि एससी और एसटी को मिलाकर 2 पार्षद को सभापति बनाना था, किन्तु 2 एससी पार्शदों को लेते हुए एसटी पार्षदों को नजरअंदाज करना भी नाराजगी का कारण बना है। निर्माण अपील समिति का दायित्व संभालने वाले भूपेन्द्र मरकाम को सभापति बनाने की चर्चा थी। भाजपा की टिकट से जीते पार्शदों के साथ बिना तालमेल के पीआईसी मैम्बर का चयन पर सवाल खड़ा हो रहा है। वार्ड 1 की पार्षद शारदा यादव के सबसे अधिक मतों से जीतने के बाद भी नजरअंदाज करने पर वार्डवासियों ने नाराजगी जाहिर की है।

#### धनंजय का चयन नवोदय विद्यालय में

**पटेवा।** प्राथमिक शाला प्रकाशपुर के छात्र धनंजय साहू पिता दिनेश कुमार साहू का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए हुआ है। धनंजय का चयन होने से परिवार में खुशी का माहौल है। बेटे के सफलता से खुश माता-पिता ने शाला पहुंच कर शिक्षकों का सम्मान किया। प्रधान पाठक शैल टंडन, शिक्षक दूजराम साहू, कुंजबिहारी देवांगन, विवेक वर्मा, नेमचंद साहू, शाला समिति के अध्यक्ष दुलेश्वर मंडावी ने धनंजय को बधाई दी है।

### दो आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश सरगर्मी से जारी

# बोलेरो वाहन में तस्करी, पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा साढ़े छत्तीस लाख का गांजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध रूप से नशे के समाग्रियों का कारोबार करने वालो के विरूद्ध पुलिस द्वारा धरपकड़ अभियान तेज कर दिया गया है। जिसके तहत पुलिस टीम ने बोरतालाब क्षेत्र में नाकेबंदी कर बोलेरो वाहन में ले जा रहे 36,53,100 रूपये के गांजा को बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में अन्य आरोपी की भी तलाश सरगर्मी से की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश पर पूरे जिले में नशीले पदार्थों की तस्करी के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत पुलिस को 30 मार्च को मुखबीर से सूचना मिली की चार पहिया वाहन में भारी मात्रा में अवैध रूप से गांजा ओडीसा से तस्करी कर मध्यप्रदेश ले जाया जा रहा है। जो राजनांदगांव जिले के बोरतालाब क्षेत्र से होकर गुजरेगा।

#### घेराबंदी कर पकड़ा

पत्रकारवार्ता में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने बताया कि जिस पर उक्त वाहन चालक द्वारा मौके पर रोक कर जंगल की ओर भागने लगे जिसे पुलिस पार्टी द्वारा घेराबंदी कर दो लोगो को हिरासत में लिया गया जिन्होने अपना नाम दिलावर अली उम्र 46 वर्ष, निवासी ग्राम झलमला, थाना सीपत, जिला बिलासपुर, संतोष पाल उम्र 36 वर्ष, निवासी नक्टा मंदिर हसौद, थाना मंदिर हसौद, जिला रायपुर, का रहने वाला बताया, अन्य 1 आरोपी की पतातलास जारी है। पकड़े गये वाहन बोलेरो पीकप का विधिवत गवाहों के समक्ष तलाशी लिया गया।




#### नाकाबंदी पाईंट लगा

उक्त सूचना पर ए.एन.टी.एफ.,सायबर सेल ,थाना बोरतलाव स्टाफ की संयुक्त टीम गठित कर गवाहो को साथ लेकर थाना बोरतलाव क्षेत्र के बिरे पुलिया चांद-सूरज मेन रोड़ ग्राम बोरतलाव के पास नाकाबंदी पाइंट लगाया गया। कुछ समय पश्चात मुखबीर द्वारा बताये गये नंबर वाली एक चार पहिया वाहन बोलेरो पीकप आते दिखी जिसे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर रोकने का प्रयास किया गया।

#### 249.54 किलो गांजा किया बरामद

तलाशी पर दोनों संदेहियों के द्वारा अपने वाहन बोलेरो पीकप के ट्राली में खाली सब्जी कैरेटस के नीचे छुपाकर कुल 8 प्लास्टिक बोरी में संदिग्ध बंद पैकेट मिला। पैकेट के अंदर रखे संदिग्ध पदार्थ को गवाहों के समक्ष देखा एवं गंध से पेकट में भरा पदार्थ मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया जिसकी पुष्टी दोनों आरोपियों एवं गवाहों द्वारा भी किया गया। बरामद गांजा को तौल करने पर उसका वजन कुल 243.54 किलोग्राम कीमती करीबन 36,53,100 रूपये का होना पाया गया। आरोपी द्वारा गांजा परिवहन में प्रयुक्त वाहन बोलेरो पीकप कीमती करीबन 5,00,000 रूपय एवं 4 नग मोबाइल फोन कीमती 11,000 रूपये जप्त कर आरोपी को अपराध धारा 20(बी) (II) ग, 29 एन0डी0पी0एस0 एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया। पत्रकार वार्ता में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, बोरतालाब थाना प्रभारी उपेन्द्र शाह भी उपस्थित थे।

## गणगौर पर्व...















राजनांदगांव। गणगौर पर्व के अवसर पर शहर में जगह-जगह शोभायात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिकगण उपस्थित थे। इस अवसर पर दिन भर श्रद्धा भक्ति का माहौल रहा।

## सार समाचार

### भगवान की कृपा का भी है कानूनः सुश्री धामेश्वरी



**राजनांदगांव।** स्टेट हाई स्कूल मैदान में जगद्गुरुत्तम श्री कृपालु जी महाराज की प्रचारिका सुश्री धामेश्वरी देवी की दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला के सातवें दिन उन्होंने ने वेद और शास्त्रों के प्रमाण सहित बताया कि भगवान कृपा सभी के ऊपर करना चाहते हैं। किन्तु भगवान की कृपा का भी एक कानून है। उन्होने कहा कि वह कानून है कि जो भी शर्त पूरा करेगा वह उसी पर कृपा करेंगें और वह शर्त है शरणागति। शरणागति का सिद्धांत है उसे हर धर्म मानता है। लेकिन शरणागति का मतलब यह न समझे कि भगवान कोई मूल्य ले रहे हैं। फिर लोगो को भी यह लगेगा कि हमने चारों धाम किया, हमने भजन सुने, माला फेरी तो इससे लोगों का अंहकार बढ़ेगा। इसलिए भगवा- ने गीता में शरणागति का अर्थ बताया, कुछ न करना। कुछ न करने का मतलब कर्तापन का अभिमान त्याग देना। दूसरी बात यह है कि शरणागति मन को करनी होगी। हम सभी इन्द्रियों से भगवा- शरणागति करते हैं जैसे हाथों से माला फेरना, वाणी से पाठ करना, पैरों से तीर्थो आदि में जाना लेकिन भगवा- इंद्रियों की भक्ति नोट नहीं करते । भगवा- मन भक्ति या मन की शरणागति नोट करते है इसलिये वह अकारण करूण है। जहां मन का प्रश्न आता है तो लोग बहाना बनाते हैं कि हमारा मन भगवा- में नहीं लगता। मन की शरणागति पर इसलिये जोर दिया शास्त्रों ने क्योंकि मन बंधन का कारण है और मोक्ष का भी कारण है। दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला का आयोजन दिनांक 8 अप्रैल तक प्रतिदिन शाम 7 से रात 9 बजे तक किया जा रहा है।

### आबकारी महकमे के संरक्षण में अवैध कारोबारः दुबे



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा कि आबकारी विभाग द्वारा राज्य सरकार के राजस्व पर चूना लगाया जा रहा है। विभाग का अमला सिर्फ अपनी वसूली में मस्त है। यहीं कारण है कि अवैध शराब गली गली में मिल रही है यहां तक अवैध शराब बनाने बॉटलिंग का कारोबार जिले में चरम पर है तो क्या राजनांदगांव का नेतृत्व आबकारी विभाग के देय फल के सामने नतमस्तक होकर मौन साधे बैठे हैं? प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा कि राज्य सरकार राजस्व के नाम पर शराब दुकान खोलने के लिए जहां स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, संविधान निर्माता के प्रतिष्ठा को तार तार कर दी है और बिना ग्राम पंचायत या निर्वाचित सदन से प्रस्ताव किये शराब दुकान खोलने का तुगलकी निर्णय लिए हैं जिसके विरोध से यह संदेश जा रहा है कि जनता सरकार के राजस्व को नुकसान पहुंचा रहे हैं। सरकार वर्तमान समय में शराब की बिक्री बढ़ाने के लिए विदेशी शराब में 4 फीसदी की मूल्य कम शराब खपत लिए आम जनता को सुख एवं प्रोत्साहित कर रही है।

### सांसद ने की मां बम्लेश्वरी की पूजा अर्चना



**राजनांदगांव।** सांसद संतोष पांडे ने डोंगरगढ़ स्थित मां बमलेश्वरी देवी के दर्शन कर पूजा अर्चना किया। सांसद श्री पांडे ने कहा चैत्र नवरात्रि और हिन्दू नववर्ष के शुभ अवसर पर डोंगरगढ़ में माँ बम्लेश्वरी के पुण्य दर्शन करके अभिभूत हूँ। जब भी यह सौभाग्य मिलता है, माँ बम्लेश्वरी के दर्शन से एक अलग ही ऊर्जा और आत्मविश्वास की अनुभूति मुझे अपने कर्तव्यों और आप सभी की सेवा के लिए मार्ग प्रशस्त करती है।

### शक्तिधाम महाकाली मंदिर में जली आस्था की ज्योत



**राजनांदगांव।** शहर के वार्ड नंबर 1, बाबूटोला में स्थित शक्तिधाम महाकाली मंदिर में नवरात्र का महापर्व भक्तिमय वातावरण में धूमधाम से मनाया जा रहा हैं। वहीं ग्राम सहित सुदूर क्षेत्रों से आये भक्तों की मनोकामना ज्योति-कलश भी प्रज्जवलित की गयी हैं। शहर के वार्ड नंबर 1 स्थित शक्तिधाम महाकाली मंदिर में भी 71 मनोकामना ज्योति-कलश प्रज्जवलित किया गया हैं। मंदिर के प्रमुख हरीश यादव ने बताया कि इस वर्ष दस महाविद्या महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा हैं। पिछले वर्षो में अघोर रूद्र महायज्ञ एवं अघोर महाकाली महायज्ञ का आयोजन किया गया था। दस महाविद्या महायज्ञ में परिक्रमा करने श्रद्धालु दूर-दूर से बड़ी संख्या में पहुँच रहे हैं। इस वर्ष 71 मनोकामना ज्योति-कलश प्रज्जवलित किया गया हैं। आगामी 2 अप्रैल को छह सगी बहनों का कार्यक्रम हैं एवं 3 अप्रैल को जस सम्राट दुकालू यादव का जस जगराता का आयोजन किया जाना हैं।

## नवरात्र मेला का कलेक्टर एसपी ने किया निरीक्षण




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चैत्र नवरात्र के अवसर पर डोंगरगढ मां बम्लेश्वरी मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचने वालो बडी संख्या में भक्तो की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने मेला व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

नवरात्रि पर्व में मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में लाखों की संख्या में दर्शनार्थी दर्शन करने एवं मेला घुमने आते है, जिसको ध्यान में रखते हुये कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं एसपी मोहित गर्ग द्वारा माँ बम्लेश्वरी मंदिर एवं मेला व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था में लगे अधिकारी,कर्मचारियों को ड्यूटी के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

#### सीसीटीवी का लिया जायजा

माँ बम्लेश्वरी देवी जी का दर्शन कर आर्शीवाद प्राप्त कर मंदिर में लगे रोपवे एवं सीसीटीव्ही का भी जायजा लिया गया। जायजा के दौरान रोपवे एवं सीसीटीव्ही में लगे कर्मचारियों को मेन्टनेस के संबंध में आवश्यक हिदायत दिया गया।

## नेताओं के इशारे पर चल रहा है अवैध शराब का कारोबार : संजय

- डोंगरगढ़ के फार्म हाउस में कैसे मिला छग का होलमार्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



हिंदू-मुसलमान के नाम पर राजनीति करने वाले भाजपा के राज में माता की नगरी डोंगरगढ़ में 28 लाख का अवैध शराब का जखीरा मिलना बेहद ही शर्मनाक मामला है। आज जब धर्मनगरी डोंगरगढ़ में अवैध शराब का जखीरा पुलिस द्वारा पकड़ा गया है, तब धर्म के नाम राजनीति रोटी सेंकने वाले छुटभैया नेता कहां खो गए हैं।

उक्त विचार प्रदेश उपाध्यक्ष करणी सेना संजय बहादुर सिंह का है। उन्होंने कहा कि होलमार्क पिछली सरकार का बड़ी साजिश बताने वाली बीजेपी सरकार के नेताओं को बताना चाहिए छत्तीसगढ़ सरकार का होलमार्क वहां कैसे बरामद हुआ। आज जो लोग इस मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं, वे चाहे किसी भी दल या पार्टी के नेता हो, निश्चिततौर पर इन शराब माफियाओं से इनका संबंध और मिलीभगत से इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने दावे के साथ कहा कि इतने बड़े पैमाने में अवैध शराब का कारोबार बैगर सत्ता दल के नेता, पुलिस की मिलीभगत के बिना संभव नहीं है। शासन-प्रशासन में बैठे चंद लोग आम लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं, क्या यही भाजपा के कुशासन को दर्शाता है। धर्म के नाम राजनीति करने वाले नेता जनता से माफी मांगे। संजय बहादुर ने आगे कहा कि कांग्रेस हो या भाजपा के चंद नेता धर्मनगरी डोंगरगढ़ में लंबे समय से चल रहे अवैध कारोबार बैगर इनके जानकारी व मिलीभगत के हो नहीं सकता। हाल ही में 28 लाख का अवैध शराब डोंगरगढ़ के एक फार्म हाऊस में पुलिस जब्त करती है और ऐसे नेता जो समय-समय पर धर्म के आड़ में उत्तेजीत बयान जारी कर समाज के युवाओं को भड़काने का कार्य करते हैं, आज इस मामले पर एक बयान भी नहीं देना, इनके असली चेहरे को उजागर करता है।

## फिजिक्स वाला ग्रुप की कक्षाएं एनबीआईएस बोरी में प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनंदगांव शहर में शिक्षा के क्षेत्र में एक नई शुरुआत होने जा रही है। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी ने फिजिक्स वाला ग्रुप को राजनंदगांव में लाने के लिए पहल की है, जिससे छात्रों को बेहतर शिक्षा और नीट , जेईई प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अवसर प्रदान किए जा सकें।

फिजिक्स वाला ग्रुप के विशेषज्ञ शिक्षक, जो भिलाई से आ कर , एनबीआई एस बोरी में रोज़ाना 8 वीं,9वीं, 10वीं फाउंडेशन कोर्स तथा 11वीं, 12वीं के बच्चों को नीट तथा ज़े ई ई की तैयारी हेतु अलग अलग ऑफ़लाइन कक्षाएं लेंगे। ये क्लासेस एडवांस टेक्निकल सेटअप के तहत आयोजित की जा रही हैं ।

इस कार्यक्रम के तहत, छात्रों को सीबीएसई पाठ्यक्रम के साथ - साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी करायी जाएगी। मेधावी छात्रों को विशेष छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है जिसके अंतर्गत 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को फिजिक्स वाला की फीस में 25% की छूट प्रदान की जाएगी।

कोटा की तर्ज पर, छात्रों के डाउट का समाधान करने के लिए विशेष डाउट सेशन भी आयोजित किए जाएंगे। कक्षाओं की लाइव रिकॉर्डिंग भी बच्चों को प्रतिदिन प्रदान की जाएगी । वर्तमान में, प्रत्येक क्लास में 8 -8 सीटें ही उपलब्ध हैं। बाहर से आने वाले छात्रों के लिए प्राइवेट आवासीय सुविधा भी प्रदान की जा रही है, संस्था में मेस सुविधा भी प्रदान की जा रही हैं ।

## पीएम का सांसद ने किया रायपुर एयरपोर्ट में स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रायपुर एयरपोर्ट आगमन पर राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र सांसद संतोष पांडे एवं दुर्ग लोकसभा क्षेत्र सांसद विजय बघेल ने रायपुर एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत सम्मान किया।

## कार्यशाला में सौ प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

- वन आधारित आजीविका पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिला यूनियन मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी और फाउंडेशन फॉर इकोलॉजिकल सिक्योरिटी एफईएस के संयुक्त तत्वावधान में गत दिवस वन उपज संग्रहकर्ताओं और महिला स्व-सहायता समूहों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में लगभग 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ वनमंडलाधिकारी दिनेश पटेल, प्रबंधक संचालक मानवेन्द्र सिदार, एसडीओपी, डिप्टी रेंजर, प्रबंधक, वन धन मित्र, स्व-सहायता समूह की महिलाएं और जिला यूनियन के सदस्य शामिल थे। कार्यशाला में एफईएस से संगीता साहू और वैश्नवी श्रीवास ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य लघु वनोपज के बेहतर प्रबंधन, प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन की प्रक्रिया को समझाना था, ताकि संग्रहकर्ताओं को स्वयं सेवन और अधिक लाभ मिल सके।

कार्यशाला के अंतिम सत्र में प्रतिभागियों से प्रशिक्षण से सीखी गई बातों और सुझावों को लिया गया। जिसके बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को व्यावहारिक जानकारी और कौशल प्राप्त हुआ। जिससे वे अपने वन उपजों का बेहतर प्रबंधन कर सकेंगे और अपनी आजीविका को सशक्त बना सकेंगे।



#### गुणवत्ता बनाए रखने आवश्यक मानकों पर चर्चा

कार्यशाला की शुरूआत स्वागत भाषण से हुई। उसके बाद प्रशिक्षण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला यूनियन के अधिकारियों के साथ कार्यक्रम के उद्देश्य और कार्यों पर चर्चा हुई। इसके बाद लघु वनोपज के मौजूदा प्रसंस्करण, भंडारण और विपणन पर सत्र आयोजित किए गए। बेहड़ा प्रसंस्करण पर शॉर्ट मूवी देखी गई और उच्च गुणवत्ता बनाए रखने आवश्यक मानकों और सावधानियों पर चर्चा की गई। इसके अलावा बाजार मूल्य संवर्धन और विपणन रणनीतियों, मूल्य संवर्धन उत्पादों की श्रृंखला जैसे इमली पर सामूहिक अभ्यास और प्रस्तुति भी की गई।

online Booking:-www.tripuryatra.com


By Train-रिजर्वेशन कोच
16 मई से 23 मई, 23 मई से 30 मई, 06 जून से 13 जून
25 जुलाई से 1 अगस्त 2025 (सावन में ) (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)
राशिः-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411




हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार, 1 अप्रैल, 2025










## ईद पर्व: सुबह विशेष नमाज पढ़ी, देश में अमन और शांति की मांगी दुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ईद के मौके पर शहर के मठपारा स्थित ईदगाह में मुस्लिम समुदाय द्वारा ईद की विशेष नमाज अदा की गई । इस दौरान सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समाज के लोग ईदगाह में एकत्रित हुए ।

रमजान के 29 रोजे मुकम्मल होने के बाद रविवार की शाम ईद का चांद दिखने की तस्दीक होने के बाद शहर की मस्जिदों से ईदगाह में ईद के अवसर पर विशेष नमाज का ऐलान किया गया । जिसके तहत आज सुबह लगभग 9:00 बजे जामा मस्जिद के पेशीईमाम कासिम राजा ने ईद की नमाज पढ़ाई। ईद के अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों को बधाई देने शहर के जनप्रतिनिधि भी ईदगाह मैदान पर पहुंचे। इस दौरान महापौर मधुसूदन यादव, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री शाहिद खान, पूर्व महापौर सुदेश देशमुख सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने ईद को लेकर अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### एक दूसरे को गले मिलकर दी ईद की बधाई, ईद गाह मैदान में अदा की गई विशेष नमाज



### शासन- प्रशासन का आभार


ईद के अवसर पर आयोजित नमाज के दौरान मुस्लिम समाज के लोगों ने व्यवस्था बनाने के लिए शासन, जिला प्रशासन, नगर निगम और पुलिस प्रशासन का आभार जताया । इस दौरान ईदगाह में पंडाल एवं कूलर-पंखों की व्यवस्था के लिए विशेष तौर पर देश की अग्रणी उद्योग समूह आईबी ग्रुप के सीएमडी बहादुर अली का शुक्रिया अदा किया। इस अवसर पर आईबी ग्रुप के द्वारा पंडाल लगाकर सेवाइयों का इंतजाम भी किया गया था ।

### तरक्की, एकता और भाईचारे की दुआ

ईदगाह में हुई विशेष नमाज के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने देश में अमन, शांति और भाईचारा कायम रहने के साथ ही देश की तरक्की, मजबूती, एकता और अखंडता के लिए दुआ मांगी। ईद के अवसर पर शुक्राना नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इसके बाद कब्रिस्तान में अपने मरहूमों की खबरों में पहुंचकर फूल चढ़कर फातिहा पढ़ी । वहीं अपने अपने घरों में सेवइयां बनाकर लोगों का मुंह मीठा कराया।

---

**नवरात्रि विशेष**



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है।

पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ।।

## छग के नकली होलोग्राम व स्टीकर के जरिए तस्कर बेच रहे अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ के करवारी रोड स्थित फार्म हाउस के तलघर में चल रहे अवैध बाटलिंग यूनिट में तस्करों द्वारा अवैध शराब की बोतलो में छत्तीसगढ़ का नकली होलोग्राम और नकली स्टीकर लगाने का सनसनीखेज मामला भी सामने आया है। इन नकली होलोग्राम की मदद से ही बोतल को खुले बाजार में खपाया जा रहा था। इसके लिए बकायदा ब्रांड का स्टीकर एवं नकली होलोग्राम की छपवाई कराई गई थी। वहीं खाली शराब की बोतल जमा करने के लिए कबाड़ से छत्तीसगढ़ निर्मित शराब बोतल की खरीदी की जा रही थी।

उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले ही पुलिस ने डोंगरगढ़ के करवारी रोड स्थित एक फार्म हाउस में शराब की अवैध बॉटलिंग करने वाले गिरोह के खिलाफ कार्रवाई की है। हालांकि अब तक इस मामले में किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। वहीं इस मामले में हर रोज नए खुलासे हो रहे है। इनमें ही नया मामला नकली होलोग्राम को लेकर सामने आया है। ज्ञात हो प्रदेश में ईडी पिछली कांग्रेस सरकार के खिलाफ शराब घोटाले में नकली होलोग्राम के चलते ही जांच कर रही है। जिस नकली होलोग्राम का सहारा लेकर प्रदेश में दो हजार करोड़ का शराब घोटाला होना बताया गया, इसी तर्ज पर नकली होलोग्राम के जरिए डोंगरगढ़ में भी शराब बॉटलिंग के इस खेल को अंजाम दिया जा रहा था। इधर आबकारी विभाग अब इस मामले में डोंगरगढ़ में पदस्थ अपने स्टाफ को नोटिस जारी करने की तैयारी में है। नोटिस जारी कर उन कर्मचारियों से सवाल-जवाब किए जाएंगे।



**बोतल कबाड़ी से खरीदी :** इस पूरे मामले में कबाड़ी दुकान वालों की भी संलिप्तता से इंकार नहीं किया जा सकता है। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी द्वारा बॉटलिंग के लिए शराब बोतल की व्यवस्था कबाड़ी दुकान के जरिए की जा रही थी। पुलिस इस मामले में अब उस कबाड़ी दुकानदार का भी पता कर रही है, जहां से आरोपी द्वारा लगातार शराब की बोतलें खरीदी जाती थी।

### मौके से मिला स्टीकर और हालमार्क

पुलिस ने जब यह कार्रवाई डोंगरगढ़ स्थित फार्म हाउस में की, उस दौरान पुलिस टीम को बॉटलिंग किए जाने की सामाग्री के साथ ही मौके पर छत्तीसगढ़ राज्य का नकली होलोग्राम और शराब ब्रांड के नकली स्टीकर भी प्राप्त हुए है। ऐसे में अब जांच का विषय यह है कि आरोपी द्वारा नकली होलोग्राम और स्टीकर कहां से छपवाए गए? और जहां से यह प्रिंट हो रहे है, वहीं से अन्य कोई आरोपी द्वारा भी ऐसा किया तो नहीं जा रहा है।

### शराब की होगी जांच

मामले में पुलिस महकमे द्वारा जब्त शराब की जांच कराने की भी तैयारी कर ली गई है। सुत्रों के अनुसार शराब की जांच कर यह पता लगाया जाएगा कि आरोपी द्वारा केवल पड़ोसी राज्यों से शराब लाकर यहां बॉटलिंग की जा रही थी। या फिर बॉटलिंग के दौरान पानी के साथ ही स्प्रीट एवं अन्य सामाग्री की मिलावट की जा रही थी। ज्ञात हो प्रदेश में कई ऐसे मामले सामने आ चूकें है, जहां नकली शराब पीकर लोगों की मौत तक हो चुकीं है।

### पहले भी आए मामले

अविभाजित जिले में शराब की अवैध बॉटलिंग का यह पहला मामला नहीं है, बल्कि इससे पहले भी दो मामले ऐसे सामने आ चुकें है। इनमें खैरागढ़ जिले में मुढ़ीपार में भी नागपुर से स्प्रीट लाकर नकली देशी शराब बनाने का मामला सामने आया था। इसके अलावा बाजार अतरिया के रौंदा में भी एक फार्म हाउस में शराब की अवैध बॉटलिंग की जा रही थी। अधिकांश मामलो में डोंगरगढ़ की सरहद को ही आरोपियों द्वारा इस खेल को अंजाम देने के लिए चुना जाता है। ऐसे में यह समझा जा सकता है कि अविभाजित जिले में पड़ोसी राज्यों से शराब लाकर बॉटलिंग का खेल लगातार किया जा रहा है। जिसके खिलाफ बड़ा एक्शन लेने की जरुरत है।

## चाकू लहराने वाला आरोपी पकड़ाया

**राजनांदगांव।** आम रास्ता रोक कर गाली गलौज करने एवं चाकू लहराकर डरा धमका रहे आरोपी को पकड कर पुलिस ने कार्यवाही की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 31मार्च को वहअपने घर से दवा लेने के लिए मेडिकल जा रहा कि शुभम यादव उसका रास्ता रोककर तुम अपने दामाद का जमानत क्यो करवाये हो कहकर अश्लील गाली गलौच करने लगा। गाली देने से मना करने पर शुभम यादव अपने साथी रोहित साहू के साथ जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का, बांस के डण्डा से मारपीट किया व अपने पास रखे धारदार चाकू को लहरा कर मुझे डराने धमकाने लगा। रिपोर्ट पर धारा 126(2), 296, 351(2), 3(5) बीएनएस, 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना मे लिया गया।

### चाकू, बांस का डंडा जब्त

पुलिस ने मुखबीर कि सूचना पर आरोपियों को चिखली तालाब पार मे छीपे होने की प्राप्त होने पर तत्काल दबीश देकर आरोपियों को चिखली तालाब पार मे घेराबंदी कर पकडा गया, कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी. शुभम यादव उम्र 24 साल साकिन चिखली रमन बाजार, रोहित साहू उम्र 31 साल साकिन चिखली पर कार्यवाही की गई। घटना में प्रयुक्त एक नग धारदार चाकू व बांस का डण्डा को जप्त किया गया।

## बदलेगा मौसम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मौसम में एक बार फिर बदलाव के संकेत मिल रहे है। कल से अंचल में हल्की बारिश देखने को मिल सकती है। हालांकि प्रदेश के अन्य हिस्सों में संभावना अधिक जताई गई है। इधर अंचल का अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है।


## करोड़ों खर्च के बाद भी ग्रामीण प्यासे

- जल मिशन के निर्माण कार्य अधूरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ग्रामीण क्षेत्र में पानी की व्यवस्था करने शुरू की गई केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना का ब्लाक में बंटाढार हो गया है। दो विधानसभा क्षेत्र में योजना का दायित्व संभालने वाला लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग योजना के अनुरूप कार्य में पूरी तरह फेल नजर आ रहा है।

जानकारी के अनुसार स्थानीय स्तर पर वर्तमान ठेकेदार जल मिशन के काम को समय पर पूरा करने में असमर्थ दिख रहे है। कुछ ठेकेदार काम को अधूरा छोड़कर चले गए है। जानकारी के अनुसार 2019-20 से संचालित जल मिशन के तहत छुरिया एवं डोंगरगढ़ ब्लाक में लगभग साढे तीन सौ पानी की टंकी का निर्माण होना था, जिसमें लगभग 50 प्रतिशत काम अपूर्ण है। बताया जाता है कि समय पर काम का भुगतान नहीं होने के कारण ठेकेदार काम को पूरा कराने में रूचि नहीं दिखा रहे हैं।



वहीं ठेकेदार की राशि में कटौती, टंकी के निर्माण वाली जगह में पानी के स्त्रोत की कमी, कोनेटर मशीन का लगभग डेढ लाख भुगतान करने के बजाय उसे फेल बताने के कारण भी ठेकेदार परेशान रहे हैं। बताया जाता है कि जल मिशन के निर्माण में ठेकेदारों को फायदा होना तो दूर नुकसान होने लगा था। ठेकेदारों के भुगतान में कटौती और समयावधि में भुगतान नहीं होना भी योजना के फेल होने का मुख्य कारण बना। इन दिनों गांव में पानी की कमी एक बड़ी परेशानी बनकर उभरी है। लोगों का कहना ळै कि जल स्त्रोत बढ़ाने का प्रयास होना चाहिए।






0 **राजनांदगांव।** मौसम में अचानक बदलाव आने के चलते भीषण गर्मी का वातावरण निर्मित है। दोपहर की धूप चिलचिलाने लगी है। सुबह से देर रात तक गर्म हवाओं से लाग हलाकान हो रहे हैं।

**माय एंगल**










## कथा: यज्ञ बेदी की परिक्रमा कर खुशहाली एवं जन कल्याण की प्रार्थना की

# महायज्ञ में शामिल हुए डिप्टी सीएम प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सोमवार को ग्राम सूरजपुरा में आयोजित सतचंडी महायज्ञ में श्रद्धाभाव से भाग लिया। उन्होंने यज्ञ वेदी की परिक्रमा करते हुए श्रीफल अर्पित किया और प्रदेश की समृद्धि, सुख-शांति एवं जनकल्याण की प्रार्थना की। उन्होंने महाराज से आशीर्वाद भी प्राप्त किया।

इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और आध्यात्मिक चेतना जागृत होती है। उन्होंने कहा कि सतचंडी महायज्ञ जैसे अनुष्ठान न केवल व्यक्तिगत बल्कि पूरे क्षेत्र के कल्याण के लिए होते हैं। ऐसे आयोजनों से सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा मिलता है और आध्यात्मिक परंपराएं सुदृढ़ होती हैं।

ग्राम सूरजपुरा में आयोजित सतचंडी महायज्ञ में दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंच रहे है और पूजन-अर्चन में भाग ले रहे है। वेदपाठी आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच यज्ञ की पावन आहुतियां समर्पित की गई जा रही है। आयोजकों ने बताया कि यह महायज्ञ 8 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, प्रवचन और भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।





### राज्य सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए सतत प्रयास कर रही है

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए सतत प्रयास कर रही है। उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, किसानों की उन्नति, युवाओं के उज्जव भविष्य और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए यज्ञस्थल पर विशेष प्रार्थना की। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं श्रद्धालु उपस्थित थें, आयोजकों ने उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा का स्वागत किया और उनके आगमन को शुभ एवं प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर गणमान्य प्रतिनिधि एवं सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित थें।

इस दौरान उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि संस्कृति और आध्यात्मिकता भारतीय समाज की आधारशिला हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इन पावन परंपराओं को आत्मसात करें और आध्यात्मिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लें।

# श्रीमद्भागवत महापुराण कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे विजय शर्मा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा कवर्धा प्रवास के दौरान ग्राम मदनपुर पहुंचे, जहां वे आयोजित श्रीमद् भागवत गीता महापुराण में शामिल हुए। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। धार्मिक आयोजन में भाग लेते हुए उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ भक्ति और आध्यात्मिकता का अनुभव किया। उपमुख्यमंत्री ने संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का श्रवण किया और आयोजन समिति के सदस्यों से भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को सही दिशा देने वाला पवित्र मार्गदर्शक है। यह धर्म, कर्म और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने इस आयोजन के सफल संचालन के लिए समिति और ग्रामवासियों को बधाई देते हुए इसे समाज में संस्कारों और सद्भाव को बढ़ाने वाला महत्वपूर्ण प्रयास बताया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थें। ग्रामीणों ने उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा का आत्मीय स्वागत किया और उनसे अपने क्षेत्र की विभिन्न आवश्यकताओं को लेकर संवाद किया। उनके आगमन से ग्राम में उत्साह और भक्ति का विशेष माहौल बना रहा।

## शुभांक शर्मा महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर स्वर्ण पदक से हुए सम्मानित

**हरिभूमि पिपरिया।** जिला कबीरधाम मुख्यालय से लगभग 16 किलोमीटर की दूरी पर स्थित नगर पंचायत पिपरिया निवासी शुभांक शर्मा ने पाणिनि विश्वविद्यालय उज्जैन मध्य प्रदेश द्वारा संचालित आचार्य व्याकरण एमए क्लासिक्स की परीक्षा में विश्वविद्यालय में सर्वाधिक अंक 94.42 प्रतिशत प्राप्त करने पर शुभांक शर्मा को महामहिम राज्यपाल मध्य प्रदेश मंगू भाई पटेल एवं उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार एवं कुलपति द्वारा स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। जिससे नगर पंचायत पिपरिया व आसपास क्षेत्र में भारी उत्सा का माहौल बना हुआ है। जिस पर परिवारजनों व ईष्ठ मित्र एवं नगरवासियों ने श्री शर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।



# मां महामाया मंदिर में 121 मनोकामना जोत जंवारा कलश प्रज्ज्वलित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव में प्रतिवर्षानुसार की भाति इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि पर्व में मां महामाया मंदिर में आस्था के 121 मनोकामना जोत-ज्वारा-ज्योति कलश प्रज्जवलित की गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कोलेगांव मां महामाया मंदिर में पण्डा मनी निषाद ने बताया कि इस वर्ष चैत्र नवरात्र पर्व में मां महामाया मंदिर कोलेगांव में आस्था के 121 जोत ज्वारा ज्योति कलश प्रज्जवलित की गई है। वहीं पण्डा द्वारा माता रानी की सुबह शाम सेवा व भव्य आरती में ग्रामीण व भक्तजनों की भारी भीड़ उमड़ रही है। साथ ही साथ चैत्र नवरात्रि पर्व में ग्राम कोलेगांव निवासी महासिंह चौहान, भगत साहू, जनक राम साहू के निजी निवास पर जोत-ज्वारा-ज्योति कलश प्रज्जवलित किया गया है, जिससे ग्राम कोलेगांव में भारी भक्तिमय का वातावरण बना हुआ है।

# मां महामाया सेवा समिति का 117वां सफाई अभियान संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

परहित से बड़ा धर्म नही, स्वच्छता से बड़ा कर्म नही इस शास्त्र सम्मत सिद्धांत को परिभाषित करते हुए मां महामाया सेवा समिति, आरएसएस टीम, महिला समूह, नगर पालिका टीम तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा 117वां सप्ताह साफ-सफाई अभियान गुरुद्वारा, हनुमान मंदिर, बैरासीन मंदिर, मां शीतला मंदिर षरिषर तथा शहीद स्मारक में चलाया गया। जिसमे आरएसएस के सदस्यों जिसमें संतोष जैन, कल्याण सिंह ठाकुर, रितेश सिंह, रामकुमार यादव, आकाश ठाकुर साथ ही नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती मंजुला देवी कुर्रे ने शक्तिशाली और विशेष सहयोग प्रदान किया। संस्था प्रमुख, सांसद प्रतिनिधि संजय सोनी ने कहा यह अभियान 2 अक्टूबर 2017 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रभावित होकर अभी तक संचालित है जो नगर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का अलख जगाने तथा नगर को स्वच्छ, सुंदर और स्वथ्य बनाने के लिए कृत्संकल्पित होकर निरंतर कार्य कर रहे है। इस दौरान संगीता हलवाई, विजया लक्ष्मी शर्मा, राधिका अहिरवार, किरण धूलिया, रानी यादव, धान निषाद साथ ही सीएमओ अभिषेक ठाकुर, नगर पालिका कर्मचारी टीम तथा मां महामाया सेवा समिति से सचिव अभिषेक शर्मा, अनुराग सिंह ठाकुर, श्याम चरण बंजारे, बालमुकुंद शेरा धावलकर, विजय बर्मन, मनमोहन साहू, मनेंद्र शांडिल्य, राजू सोनी, अथर्व सोनी, मोती शुक्ला, दयाल दास कुर्रे, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि जैकी भाई, नवल किशोर पांडेय तथा स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर डॉ रामकिशोर बैस व नगर के जागरूक प्रबुद्ध जन उपस्थित थें। जिस पर संतोष जैन ने स्वतंत्रता सेनानी शहीद स्मारक को यह अभियान समर्पित कर आरएसएस की पूरी टीम के साथ हिंदू नववर्ष के साथ नवरात्रि की शुभकामनाएं प्रेषित कर सर्वत्र स्वच्छता का संदेश दिया।





# आधी अधूरी दिवाल दुर्घटना को दे रही न्योता जिम्मेदार बेपरवाह

- अनियमितता, कभी भी भर-भराकर गिर सकता है दिवाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

बरबसपुर संकुल भवन वर्षों पहले शासन प्रशासन द्वारा कराया गया था लेकिन विभागीय अधिकारिकयों व जिम्मेदारों की भारी अनदेखी व अनिमितता के कारण संकुल भवन बरबसपुर अत्यंत जर्जर व बदहाल हो चुकी थी। जिसे पुनः निर्माण कार्य के लिए जिम्मेदारों व ठेकेदारों तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा जर्जर व बदहाल हो चुकी संकुल भवन की छत, खिड़की, दरवाजा व दिवाल की तोड़ा जा रहा है लेकिन जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के कारण संकुल भवन को आधा-अधूरा तोड़ कर छोड़ दिया गया है। जिससे कभी भी छोटी बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार जिम्मेदारों व जनप्रतिनिधियों की भारी अनदेखी के कारण आधा अधूरा दीवाल को तोड़कर छोड़ दिया गया है वहीं दिवाल अधर में लटक रहा है जो कभी भी आंधी-तूफान के चलते भर-भराकर गिर सकता है, जिससे भारी जन हानि होने की संभावना बनी हुई है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन व जिम्मेदारो को इस ओर ध्यान देने की अपील की गई ताकि छोटी बड़ी हादसा-दुर्घटना को रोका जा सकें।

## अवधेश नंदन ने प्रधानमंत्री कार्यक्रम का मंच संचालन किया



**हरिभूमि कवर्धा।** बिलासपुर जिलांतर्गत मोहभट्टा ग्राम में आयोजित प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के पूर्व मंच संचालन का दायित्व अवधेशनंदन श्रीवास्तव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का सफल मंच संचालन के लिए आमंत्रित किए गए थे। उल्लेखनीय है कि सरकार गठन के बाद प्रथम बार प्रधानमंत्री का छत्तीसगढ़ प्रवास हुआ था। जहां उन्होंने 33 हजार 700 करोड़ के विकास परियोजनाओं की सौगात दी। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के लिए नई दिल्ली से जैनेन्द्र कुमार, बिलासपुर से सौरभ सक्सेना और कबीरधाम से अवधेश नंदन श्रीवास्तव को मंच संचालन का उत्तरदायित्व दिया गया था। अवधेशनंदन श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री के आगमन के पूर्व सभा का अत्यंत प्रभावशाली ढंग से संचालन किया तथा योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। जिसे उपस्थित मंत्रियों, अधिकारियों ने सराहना की। इस कार्यक्रम में पूरे छत्तीसगढ़ से लगभग दो लाख प्रदेशवासी सम्मिलित हुए थे। इस कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने स्वयं होकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा उप मुख्यमंत्री अरुण साव से अवधेशनन्दन श्रीवास्तव के वक्तृत्व कौशल की प्रशंसा करते हुए परिचय कराया। जिसके लिए अवधेश नंदन श्रीवास्तव ने उनके प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने अवधेश नंदन श्रीवास्तव के सफल मंच संचालन की प्रशंसा करते हुए बधाई दी। अवधेश नंदन श्रीवास्तव ने यह महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करने के लिए बिलासपुर कलेक्टर अवनीश कुमार शरण एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप कुमार अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त किया।

## कबीर सच्चे संत थे, अपने संदेशों से समाज सुधार का काम किया

# पिपरिया में एक दिवसीय व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

डॉ भीमराव अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन नगर पंचायत पिपरिया में संत कबीर के चिंतन पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर के मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत ईश्वरी साहू मुख्य रूप में उपस्थित थें, कार्यक्रम की अध्यक्षता पिपरिया नगर पंचायत अध्यक्ष घुरुवा राम साहू द्वारा की गई, कार्यक्रम के वक्ता दुर्ग से वरिष्ठ आलोचक जयप्रकाश, साहित्यकार व केंद्रीय विद्यालय से सेवानिवृत प्राचार्य नंदन, साइंस कॉलेज रायपुर में हिंदी के सहायक प्राध्यापक भुवाल सिंग ठाकुर तथा कवर्धा से युवा कवि समीक्षक अजय चंद्रवंशी एवं वरिष्ठ साहित्यकार नीरज मनजीत उपस्थित थें, कार्यक्रम की शुरूआत कबीर की साखियों के गान के साथ किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष घुरुवा राम साहू ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ईश्वरी साहू ने कबीर दास का दोहा प्रस्तुत करते हुए उनके संदेश को समाज के लिए अनुकरणीय बताया। वहीं जयप्रकाश ने अपने वक्तव्य में कबीर दास को अपना पुरखा बताते हुए उन्हें सांस्कृतिक आंदोलन का सूत्रधार बताया। उन्होंने कहा कि कबीर अनपढ़ होते हुए भी सभ्य शिक्षित और ज्ञानी थे। वे दीनहीन लोगों के लिए ताकत तो विधर्मियों के लिए विद्रोही थे। वे जीवन भर निर्भीक होकर मानवता के पक्ष में खड़े रहे। नंदन ने अपने वक्तव्य में कबीर दास के संत एवं समाज सुधारक रूप पर अपनी बातें रखी। उन्होंने कहा कि कबीर सच्चे संत थे, उन्हें अपने समाज की चिंता थी इसलिए अपने संदेशों से समाज सुधार का काम किया। वे अपना संदेश दार्शनिक या कवि होने या ज्ञान बघारने के लिए नहीं देते थे। भुवाल सिंह ठाकुर ने अपने वक्तव्य में भक्ति आंदोलन में कबीर दास के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कबीर के 600 वर्ष पूर्व देखे सपने पूरे नहीं होने पर गहरी चिंता एवं क्षोभ प्रकट किया। अजय चंद्रवंशी ने अपने वक्तव्य में कबीर को वर्तमान समय में बेहद प्रासंगिक बताते हुए कहा कि हमें कबीर साहित्य का अधिक से अधिक अध्ययन करना चाहिए। नीरज मनजीत ने अपने उद्बोधन में कबीर के दोहे का उल्लेख करते हुए सांप्रदायिक सद्भाव के लिए कबीर के संदेश को प्रासंगिक बताया। कार्यक्रम का प्रवाहमय संचालन साहित्यकार पीजी कॉलेज कवर्धा के सहायक प्राध्यापक हिंदी नरेंद्र कुमार कुलमित्र ने किया। कबीरा खड़ा बाजार में मंच के संयोजक शिक्षक भागवत साहू ने उपस्थित श्रोताओं अतिथियों तथा वक्ताओं को मंच का परिचय देते हुए उपस्थित श्रोताओं को कार्यक्रम का सार छत्तीसगढ़ी में बताते हुए आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार समय लाल विवेक, डॉ एमएल चंद्रवंशी, शिवचरण पटेल, दुर्गेश साहू, नरेश साहू, प्रेमलाल साहू, चित्रबाहु देवांगन, अनिल दानी, सुखदेव सिंह अहिलेश्वर, तुलाराम साहू, गोविंद साहू, तुकाराम साहू, संतोष पटेल, जगदीश साहू, दशरू साहू, शिवकुमार साहू व साथियों का सहयोग रहा साथ ही बड़ी संख्या में सुधि महिलाओं का विशेष योगदान रहा।

## हिन्दू नववर्ष पर कलार समाज ने श्रद्धालुओं को पिलाया सरबत



**हरिभूमि कवर्धा।** डड़सेना कलार समाज ने अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए जिलाध्यक्ष रूपेन्द्र जायसवाल के नेतृत्व में बड़े-बुजुर्गों के मार्गदर्शन में नगर के प्रसिद्ध मंदिर मां महामाया मंदिर के समीप विशाल हिंदू नववर्ष के उत्सव समिति एवं नगर में आए देवी-दर्शन करने वाले श्रद्धालाओं को मीठे सरबत वितरण किया। यह कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से देर रात्रि तक आयोजित किया गया, जिसमे हजारों की संख्या में भक्तजनों ने शीतल पेय का आनन्द लिया साथ ही साथ सामाजिक समरता की व्यवस्था की सभी ने तारीफ किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रूप से कवर्धा परिक्षेत्र के अध्यक्ष बद्री जायसवाल, महेन्द्र जायसवाल, शिवकुमार जायसवाल, गुलाब जायसवाल, मदन जायसवाल, डॉ कोमल तिहारी, नागेश, पंकज, पवन जायसवाल, दीपक जायसवाल सहित कार्यकर्ताओं का सराहनीय योगदान रहा।







**समस्या:** शासन की नीति और मुफ्त की योजनाओं ने वनोपज के प्रति रुचि की कम

# वनोपज संग्रहण के प्रति रुचि नहीं दिखा रहे हैं जिले के संग्रहणकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

हर साल की तरह इस साल भी जिले के जंगलों से निकलने वाली वनोपज का बुरा हाल है। एक तो सरकारी नीति और उस पर मुफ्त की योजनाओं के चलते न तो वनवासी वनोपज संग्रहण करने में रूचि दिखा रहे हैं और न ही लघुवनोपज समिति वनोपजों को खरीदने रूचि दिखा रही है। जानकारी के मुताबिक अभी जिले की किसी भी समिति में वनोपज की खरीदी शुरू नहीं की गई है। समितियों का कहना है कि संग्रहणकर्ताओं द्वारा वनोपज का संग्रहण नहीं किया जा रहा है। जिसके चलते खरीदी शुरू नहीं की गई है। वहीं दूसरी ओर सूत्रों की माने तो अंचल से निकलने वाली वनोपज को खरीदने व्यापारी सक्रिय हो चुके है। यहां बताना लाजिमी होगा कि शासन की गलत नीतियों और मुफ्त की योजनाओं के चलते वनवासियों का मोह अब वनोपज संग्रहण से भंग हो गया है। बताया जाता है कि वनअधिकार पट्टा जैसी योजना के साथ जंगलों की अंधाधुंध कटाई के चलते पहले ही वनोपज महुआ, आम, ईमली, चार, आंवला, हर्रा, बहेरा आदि के पेड़ों की संख्या काफी कम हो चुकी है। उस पर संग्रहणकर्ताओं की माने तो शासन द्वारा वनोपज का जो मूल्य निर्धारित किया गया है वह उनकी हाड़तोड़ मसक्कत के लिहाज से बेहद कम है। वनवासियों के मुताबिक समितियों द्वारा महुआ 30 से 35 रूपए किलो खरीदा जाता है, वहीं इस बार चार चिरोंजी छिलका रहित 200 रूपए तथा छिलका सहित करीब 130 रूपए प्रति किलो खरीदने कहा जा रहा है। जबकि यही चार चुनावी वर्ष में छिलका रहित करीब 310 रूपए प्रति किलो के भाव से समितियों में खरीदी गई थी। जिसके इस बार दाम कम करने के आसार साफ दिखाई दे रहे हैं। जबकि व्यापारी इन वनोपज को शासकीय दर से कहीं अधिक पर खरीद लेते हैं। बावजूद वनवासी इनके संग्रहण में अब वैसी रूचि नहीं दिखा रहे है जैसे की पहले दिखाते थे। जानकारों की माने तो इसकी एक वजह शासन की मुफ्त की योजनाएं भी है। आज शासन द्वारा कई मुफ्त की योजनाएं संचालित की जा रही है। जिसमें विवाहित महिलाओं को हर माह महतारी वंदन योजना के तहत 1000 रूपए दिए जा रहे हैं। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों को 1 रूपए किलो के भाव से चावल उपलब्ध कराया जा रहा है। अधिकांश वनवासी परिवारों के पास वन अधिकार पट्टा के तहत शासन से मिली कृषि भूमि उपलब्ध है जिसमें धान की अच्छी फसल लेकर शासन द्वारा निर्धारित 3100 रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब से समर्थन मूल्य प्राप्त कर रहे हैं। इसके अलावा बच्चों की निःशुल्क पढ़ाई लिखाई, शादी विवाह जैसे तमाम योजनाओं का लाभ भी लोगों को मिल रहा है। ऐसे में भला कोई क्यों जंगल के जोखिम उठाते हुए तपती धूप में वनोपज का संग्रहण करने निकलेगा। हां जिन्हें अपने आसपास ही सहजता से वनोपज मिल रही है वे जरूर इसका संग्रहण कर रहे हैं लेकिन यह समुचित वनोपज संग्रहण नहीं कहा जा सकता।

### वनवासियों को तेंदूपत्ता तोड़ाई का बेसबी से इंतजार



भले ही वनोपज संग्रहणकर्ता दीगर वनोपज का संग्रहण करने में कोई खास रूचि नहीं दिखा रहे है लेकिन इसके विपरीत इन वनोपज संग्रहणकर्ताओं को तेंदूपत्ता तोड़ाई का बड़ी बेसबी से इंतजार है। दरअसल इसकी मुख्य वजह इसकी कीमत है। बताया जाता है कि शासन ने तेंदूपत्ता की कीमत 5500 रूपए प्रति मानक बोरा तय की है। जो तेंदुपत्ता संग्रहणकर्ताओं को बहुत भा रही है। जानकारी के मुताबिक तेंदूपत्ता की बूंटा कटाई कराई जा चुकी है और उम्मीद की जा रही है कि मई माह आते आते इसकी अच्छी पैदावार होगी। जिसका सभी संग्रहणकर्ताओं को बड़ी बेसबी से इंतजार है। ताकि वे तेंदूपत्ता का संग्रहण कर एक बार फिर अच्छी कमाई कर सकें।

# ब्लड बैंक कर्मचारी से मारपीट एवं तोड़फोड़ करने वाला दबोचा गया

- मामले के मुख्य आरोपी के साथियों की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला अस्पताल कबीरधाम के ब्लड बैंक में कार्यरत कर्मचारी के साथ मारपीट एवं तोड़फोड़ की घटना को अंजाम देने वाले एक आरोपी को कवर्धा कोतवाली पुलिस ने हिरासत में लिया है। आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 127/2025 धारा 296, 115(2), 351(3), 324(2) भारतीय न्याय संहिता (BNS) के तहत मामला पंजीबद्ध कार्यवाही की गई है।



बताया जाता है कि आरोपी हरिश साहू, पिता सुदर्शन साहू निवासी ग्राम खैरबना कला जिला कवर्धा ने किसी बात को लेकर अपने साथियों के साथ मिल कर जिला चिकित्सालय में संचालित ब्लड़ बैंक में कार्यरत कर्मचारियों को न सिर्फ मारपीट की बल्कि अस्पताल में तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया। इस घटना के बाद कर्मचारियों ने इस मामले की जानकारी तत्काल कवर्धा कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर पहुंचकर आरोपी हरिश साहू को हिरासत में ले लिया। वहीं अन्य संभावित आरोपियों की पहचान कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि अस्पताल एक सेवा स्थल है, जहां मरीजों का उपचार किया जाता है, न कि उपद्रव फैलाने का स्थान। इस प्रकार की अराजकता फैलाने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस द्वारा कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है ताकि भविष्य में कोई भी इस तरह का साहस न करे। पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील करती है कि किसी भी आपात स्थिति में कानून को हाथ में न लें एवं संयम बनाए रखें। कानून-व्यवस्था भंग करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## खबर संक्षेप

### बलबीर खनूजा बने यूथ क्लब के पुनः अध्यक्ष



**कवर्धा।** यूथ क्लब कवर्धा की वार्षिक बैठक गत दिनो आयोजित की गई। इस बैठक में सत्र 2025, 26, 27, के लिए अध्यक्ष पद हेतु बलबीर खनूजा को पुनः निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष बनने के पश्चात खनूजा ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की। जिसमें उपाध्यक्ष अजय गुप्ता सुरजीत सिंह दारा, सुद्धु तिवारी, सचिव जसवंत छाबड़ा, सह सचिव संजय तिवारी, कोषाध्यक्ष प्रमोद लुनिया, कार्यकारणी प्रमोद नाहटा, अजय कमल, अमरजीत सिंह, गिरीश, शिव सिन्हा, कमलेश मिश्रा, अभय जैन, राजेन्द्र सलूजा, संतोष तम्बोली, मंजीत बैरागी को बनाया गया है। उक्त जानकारी क्लब के सचिव जसवंत छाबड़ा ने दी।

### रबि की कटाई-मिजाई कार्य में जुटे किसान

**बरबसपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों



खेती-किसानी कार्य जोरों से किया जा रहा है। ग्रामीण किसान अपनी रबि फसल चना व गेंहू फसल की कटाई-मिजाई कार्य में जुटे हुए है। ग्रामीणों ने बताया कि रबि फसल की कटाई के बाद ट्रैक्टर-थ्रेसर मशीन के मदद से चना व गेंहू फसल की मिजाई कार्य में बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक जुटे हुए है।

### उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य प्रारंभ

**कुकदुर।** कुकदूर केंद्रीयकृत प्राथमिक प्रमाण पत्र परीक्षा की कक्षा 5वीं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन रविवार से शुरू कर दिया गया है। मूल्यांकन केंद्र शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कुकदूर में बनाया गया है। केंद्र प्रभारी रमेश सिंह पोर्ते ने बताया कि पहले दिन हिंदी, अंग्रेजी, गणित और पर्यावरण विषयों की कॉपियों का एक साथ मूल्यांकन शुरू हुआ। मूल्यांकन से पहले सभी परीक्षकों को निर्देश दिए गए। उन्हें गंभीरता से मूल्यांकन करने को कहा गया। कुल 4 कक्षों में मूल्यांकन कार्य चल रहा है। हर विषय के लिए एक अलग कक्ष तय किया गया है। प्रत्येक विषय के लिए एक मुख्य परीक्षक और एक सहायक मुख्य परीक्षक नियुक्त किए गए हैं। पहले दिन 65 मूल्यांकनकर्ता उपस्थित रहे। सभी विषयों की कुल 1300 उत्तर पुस्तिकाएं जांची गई।

# नगर सहित अंचल में मनाई गई ईद

## ईदगाह में अदा की गई दो वक्त की नमाज



- ईद को लेकर मुस्लिम समाज में दिखा खासा उतसाह व खुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

रमजान शरीफ के पाक महिना के अवसर पर नगर सहित समूचे जिले में सोमवार को मुस्लिम समाज द्वारा ईद-उल-फितर हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। ईद को लेकर बाजार में भी रौनक देखी कई। कपड़ा दुकान सहित दूसरी दुकानो में समाज के लोगों ने जमकर खरीददारी भी की। सोमवार को ईद के मौके पर जमात द्वारा दो वक्त की नमाज अदा की गई।

सुबह की नमाज नगर के भोजली तालाब के पास स्थित ईदगाह में ईद की नमाज दो अलग अलग वक्तो में अदा की गई। पहले वक्त की नमाज़ सुबह 8.30 बजे हाफिज मुफ्ती मारूफ रज़ा साहब वहीं दूसरे वक्त की नमाज 9.30 बजे हाफिज रिजवान साहब की इमामत में अदा की गई। ईद-उल-फितर की नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम जमात के लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस मौके पर प्रदेश और देश में अमन चैन की दुआऐं मांगी गई। स्थानीय बाजार पारा, बीच पारा, नदिया पारा, नवाब मोहल्ला, बस स्टैण्ड पारा, आदर्श नगर आदि मुस्लिम बाहुल्य ईलाकों में सबेरे से ही ईद-उल-फितर मनाने की हलचलें बढ़ी हुई थी।

मुस्लिम बिरादरी के लोग नए व साफ सुथरे कपड़े पहने और ईत्र आदि लगाए नमाज पढ़ने पहुंचे थे। मुस्लिम जमात एकत्र होने के बाद हाजी साहब ईमाम की मौजूदगी में ईद-उल-फितर की नमाज अदा की गई। नमाज के दौरान मुस्लिम बिरादरी की तरफ से मुल्क, सूबे व शहर की खुशहाली, अमन, तरक्की और महफुजियत की दुआएं खुदा से मांगी गई। नमाज के बाद बिरादरी के लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी। मुस्लिम परिवारों में फातिहा के बाद शीर खुरमा और लजीज सेंवई का लुत्फ उठाया गया।

दोपहर से देर रात तक बघारा खाना और बिरयानी की दावतें चलती रही। पर्व को लेकर जहां समाज के सभी वर्ग के लोगों में गजब का उत्साह देखा गया वहीं बच्चों की तो मानो चांदी थी। बड़ों की सलामी के बाद रंग बिरंगी पोशाकों में सजे धजे बच्चे ईदी मिलने की खुशी में चहक रहे थे और घरों घर जाकर दावतों का लुत्फ उठा रहे थे।

मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में ईद-उल-फितर की गहमा गहमी देर रात तक चलती रही। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन द्वारा नगर के कई संवेदनशील ईलाकों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

### शहर कांग्रेस कमेटी ने लगाया स्टॉल

ईद के मौके पर शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने ईदगाह में स्टाल लगाया। जहां उन्होने नमाज अदा करने आए समाज के लोगों को शरबद, ठंडा आदि शीतल पेयजल उपलब्ध कराया। साथ ही ईद की बधाई दी। इस अवसर पर अशोक सिंह, संतोष यादव, हाजी सलीम हिंगोरा सहित बड़ी संख्या में शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रज्ञा ज्ञानोदय केन्द्र रक्से से 12 बच्चों का जवाहर नवोदय विद्यालय परीक्षा में चयन

- व्याख्याता त्रिभुवनराम सैकड़ों बच्चों को देते नि:शुल्क कोचिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शासकीय हाई स्कूल बामी में पदस्थ गणित के व्याख्याता त्रिभुवन राम साहू ग्राम रक्से, विकासखंड सहसपुर लोहारा जिला कबीरधाम के निवासी हैं जो अपने पदस्थ विद्यालय में पूरी समर्पित भाव से अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए भी अपने व्यक्तिगत जीवन के लिए बचे हुए समय का सदुपयोग ज्ञान दान के रूप में करते आ रहे हैं। श्री साहू विगत कई वर्षो से जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग कराते आ रहे हैं। ऑनलाइन कक्षा के संचालन में श्री साहू का समय-समय पर रक्से के ही नंदकिशोर साहू (सोनू) सहयोग प्रदान करते है। उनकी निःशुल्क ऑनलाइन क्लास में इस वर्ष जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा की तैयारी हेतु अंतिम समय तक लगभग 60 बच्चे नियमित रूप से जुड़े रहे थे। जिनमें से 12 बच्चों का चयन छत्तीसगढ़ सहित मध्य प्रदेश के



नवोदय विद्यालय में हुआ है। इन सफल विद्यार्थियों में कबीरधाम जिला से गीतांश साहू, उर्मी पनिका, (शहरी), तुषार यादव, मयंक साहू, वंदना पटेल व उत्कर्ष तारम, दुर्ग जिला से डिप्पी सिन्हा व लक्ष्य सिन्हा, बेमेतरा जिला से आहना मिर्जा, बिलासपुर जिला से आदर्श नेताम, बालोद जिला से युक्ति साहू और जिला बालाघाट मध्यप्रदेश से ऋषभ मरकाम शामिल है। प्रज्ञा ज्ञानोदय केन्द्र रक्से के संचालक त्रिभुवन राम साहू ने सभी चयनित विद्यार्थियों को उनके अथक परिश्रम का परिणाम मिलने पर बहुत-बहुत बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। श्री साहू ने कहा कि जिन बच्चों का चयन नहीं हुआ है, उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है। यह तो बच्चों की प्रथम सीढ़ी थी, अभी बहुत से अवसर और हैं। असफल विद्यार्थी अपनी कमियों को ढूंढें उन्हें दूर करें और अधिक मेहनत के साथ अपनी सफलता प्राप्त करने हेतु जुट जाएं। यदि यहां के ऑनलाइन क्लास से आपने पूरी तत्परता से पढ़ाई की हैं, तो प्रज्ञा ज्ञानोदय केन्द्र की पढ़ाई निरर्थक नहीं जाएगी।

## प्रातः पाली में शाला संचालन का एसोसिएशन ने किया स्वागत

**दो से तीस अप्रैल तक नियम रहेगा प्रभावशील**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

वर्तमान में प्रदेश में पड़ रही तेज गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए प्रातः पाली में शाला संचालन करने के निर्देश का छ्ग टीचर्स एसोसिएशन ने स्वागत किया है।

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ रायपुर के संचालक द्वारा 31 मार्च को जारी पत्र के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य के सभी शासकीय व अशासकीय स्कूलों व शैक्षणिक संस्थाओं के संचालन समय में परिवर्तन किया गया है, जिसके अनुसार एक पाली में संचालित समस्त प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं हाई व हायर सेकेण्डरी शालाएं प्रातः 7 से 11 बजे तक संचालित होंगी। वहीं दो पाली में संचालित शालाओं में प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाएं प्रातः 7 से 11 बजे तक तथा हाई व हायर सेकेण्डरी शालाएं प्रातः 11 से 3 बजे तक संचालित होंगी।

यह आदेश दो से तीस अप्रैल 2025 तक प्रभावशील रहेगा। ज्ञातव्य हो कि छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने विगत 28 मार्च को जिला शिक्षा अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपकर एक अप्रैल से प्रातः पाली में शाला संचालन करने की मांग किया था।

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कवर्धा में किए माता के दर्शन, नवरात्रि पर्व की दी शुभकामनाएं



**कवर्धा।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने कवर्धा प्रवास के दौरान चैत नवरात्रि के पावन अवसर पर जिले के ऐतिहासिक एवं जन आस्था के केन्द्र विंध्यवासिनी मंदिर, महामाया मंदिर, शीतला मंदिर, काली मंदिर और मां परमेश्वरी मंदिर में दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। इसके साथ ही वे ग्राम मोटीयारी पहुंचे, जहां उन्होंने ज्योति कलश के दर्शन कर श्रद्धालुओं के साथ पूजन-अर्चन किया। धार्मिक आयोजनों में शामिल होकर उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ आध्यात्मिकता का अनुभव किया और आयोजन समिति के सदस्यों से भेंट कर कुशलक्षेम जाना। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने समस्त जिलेवासियों को नवरात्रि पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह पर्व शक्ति उपासना और आत्मशुद्धि का अवसर है, जो समाज में सकारात्मक ऊर्जा और भक्ति का संचार करता है। उनके आगमन से श्रद्धालुओं और ग्रामीणों में हर्ष और उत्साह का वातावरण रहा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा,नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्दवंशी, सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी उपमुख्यमंत्री के साथ मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की एवं जिले एवं प्रदेश की सुख शांति की कामना की।

**मंदिर में नवरात्र पर्व के पहले दिन से ही जुटने लगी भक्तों की भीड़**

# चंडी माईधाम गौरमाटी में 314 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित



हरिभूमि न्यूज ⏭ रणवीरपुर

जिले के सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम गौरमाटी में तीन तालाबों के मध्य प्राचीनकाल से विराजमान स्वयं उद्भुत मां चंडी देवी के मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर्व पर प्रतिपदा तिथि को शुभ मुहूर्त में 314 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित श्रद्धालुओं के द्वारा कराए गए हैं। मंदिर समिति द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार सिल्हाटी थान खमरिया मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम की दक्षिण दिशा में ग्राम के बाहर स्थित सुप्रसिद्ध मां चंडी देवी तीन जलमग्न तालाबों के मध्य अद्वितीय प्राकृतिक स्थल पर विराजमान है। जहां पर दोनों नवरात्रि पर्व पर मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की जाती है। मां चंडी देवी की कृपा और चमत्कार से मनोवांछित फल पाने वाले श्रद्धालु प्रतिवर्ष दोनों नवरात्रि पर्व में अपना मनोकामना ज्योति कलश स्थापित करवाते हैं। मंदिर स्थल का शांत एवं शीतल वातावरण दर्शनार्थियों को सहज ही आकर्षित करता है। नवरात्रि पर्व के प्रथम दिवस से ही दर्शनार्थियों का मंदिर आना प्रारंभ हो गया है जिनकी सेवा और सुविधा के लिए मंदिर समिति के सदस्य गण और ग्रामवासी लगे हुए हैं। यहां चैत्र नवरात्र का पर्व पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा

# नगर पंचायत पाण्डातराई में धूमधाम से मना हिन्दू नववर्ष, निकाली गई रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डातराई

नगर पंचायत पांडातराई में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हिन्दू नववर्ष का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर लोगों ने नगर में भव्य रैली निकाली। इस रैली में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक समूहों ने एक साथ मिलकर भाग लिया और व्यापक सहयोग और एकता का संदेश फैला। लोगों ने न केवल उत्साहपूर्वक रैली में शामिल होकर अपना समर्थन दर्शाया, बल्कि विभिन्न गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से भाग लिया। रैली के अंत में



आयोजित समारोह ने इस दिन को और भी खास बना दिया। समारोह के दौरान लोगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया, जिसमें नृत्य, संगीत और नाटक शामिल थे। इन कार्यक्रमों ने एकजुटता का प्रतीक प्रस्तुत किया और समुदाय के सदस्यों के बीच सहयोग की भावना को और मजबूत किया। दर्शकों ने इन प्रस्तुतियों का आनंद लिया, जिससे उनकी भावनाएं और अधिक प्रबल हुईं। यह आयोजन सिर्फ एक धार्मिक रैली नहीं, बल्कि समुदाय की सामूहिक पहचान और संस्कृति का प्रतीक बनी।

दो आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश सरगर्मी से जारी

# बोलेरो वाहन में तस्करी, पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा साढ़े छत्तीस लाख का गांजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध रूप से नशे के समाग्रियों का कारोबार करने वालो के विरूद्ध पुलिस द्वारा धरपकड़ अभियान तेज कर दिया गया है। जिसके तहत पुलिस टीम ने बोरतालाब क्षेत्र में नाकेबंदी कर बोलेरो वाहन में ले जा रहे 36,53,100 रूपये के गांजा को बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में अन्य आरोपी की भी तलाश सरगर्मी से की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश पर पूरे जिले में नशीले पदार्थों की तस्करी के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत पुलिस को 30 मार्च को मुखबीर से सूचना मिली की चार पहिया वाहन में भारी मात्रा में अवैध रूप से गांजा ओडीसा से तस्करी कर मध्यप्रदेश ले जाया जा रहा है। जो राजनांदगांव जिले के बोरतालाब क्षेत्र से होकर गुजरेगा।

## घेराबंदी कर पकड़ा

पत्रकारवार्ता में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने बताया कि जिस पर उक्त वाहन चालक द्वारा मौके पर रोक कर जंगल की ओर भागने लगे जिसे पुलिस पार्टी द्वारा घेराबंदी कर दो लोगो को हिरासत में लिया गया जिन्होने अपना नाम दिलावर अली उम्र 46 वर्ष, निवासी ग्राम झलमला, थाना सीपत, जिला बिलासपुर, संतोष पाल उम्र 36 वर्ष, निवासी नक्टा मंदिर हसौद, थाना मंदिर हसौद, जिला रायपुर, का रहने वाला बताया, अन्य 1 आरोपी की पतातलास जारी है। पकड़े गये वाहन बोलेरो पीकप का विधिवत गवाहों के समक्ष तलाशी लिया गया।




## नाकाबंदी पाईंट लगा

उक्त सूचना पर ए.एन.टी.एफ.,सायबर सेल ,थाना बोरतलाव स्टाफ की संयुक्त टीम गठित कर गवाहो को साथ लेकर थाना बोरतलाव क्षेत्र के बिरे पुलिया चांद-सूरज मेन रोड़ ग्राम बोरतलाव के पास नाकाबंदी पाइंट लगाया गया। कुछ समय पश्चात मुखबीर द्वारा बताये गये नंबर वाली एक चार पहिया वाहन बोलेरो पीकप आते दिखी जिसे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर रोकने का प्रयास किया गया।

## 249.54 किलो गांजा किया बरामद

तलाशी पर दोनों संदेहियों के द्वारा अपने वाहन बोलेरो पीकप के ट्राली में खाली सब्जी कैरेटस के नीचे छुपाकर कुल 8 प्लास्टिक बोरी में संदिग्ध बंद पैकेट मिला। पैकेट के अंदर रखे संदिग्ध पदार्थ को गवाहों के समक्ष देखा एवं गंध से पेकट में भरा पदार्थ मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया जिसकी पुष्टी दोनों आरोपियों एवं गवाहों द्वारा भी किया गया। बरामद गांजा को तौल करने पर उसका वजन कुल 243.54 किलोग्राम कीमती करीबन 36,53,100 रूपये का होना पाया गया। आरोपी द्वारा गांजा परिवहन में प्रयुक्त वाहन बोलेरो पीकप कीमती करीबन 5,00,000 रूपय एवं 4 नग मोबाइल फोन कीमती 11,000 रूपये जप्त कर आरोपी को अपराध धारा 20(बी) (II) ग, 29 एन0डी0पी0एस0 एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया। पत्रकार वार्ता में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, बोरतालाब थाना प्रभारी उपेन्द्र शाह भी उपस्थित थे।

## सार समाचार

### भगवान की कृपा का भी है कानून: सुश्री धामेश्वरी

**राजनांदगांव।** स्टेट हाई स्कूल मैदान में जगद्गुरुत्तम श्री कृपालु जी महाराज की प्रचारिका सुश्री धामेश्वरी देवी की दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला के सातवें दिन उन्होंने ने वेद और शास्त्रों के प्रमाण सहित बताया कि भगवान कृपा सभी के ऊपर करना चाहते हैं। किन्तु भगवान की कृपा का भी एक कानून है। उन्होने कहा कि वह कानून है कि जो भी शर्त पूरा करेगा वह उसी पर कृपा करेंगें और वह शर्त है शरणागति। शरणागति का सिद्धांत है उसे हर धर्म मानता है। लेकिन शरणागति का मतलब यह न समझे कि भगवान कोई मूल्य ले रहे हैं। फिर लोगो को भी यह लगेगा कि हमने चारों धाम किया, हमने भजन सुने, माला फेरी तो इससे लोगों का अंहकार बढ़ेगा। इसलिए भगवान्‌ने गीता में शरणागति का अर्थ बताया, कुछ न करना। कुछ न करने का मतलब कर्तापन का अभिमान त्याग देना। दूसरी बात यह है कि शरणागति मन को करनी होगी। हम सभी इन्द्रियों से भगवान्‌शरणागति करते हैं जैसे हाथों से माला फेरना, वाणी से पाठ करना, पैरों से तीर्थो आदि में जाना लेकिन भगवान्‌इंद्रियों की भक्ति नोट नहीं करते । भगवान्‌मन भक्ति या मन की शरणागति नोट करते है इसलिये वह अकारण करूण है। जहां मन का प्रश्न आता है तो लोग बहाना बनाते हैं कि हमारा मन भगवान्‌में नहीं लगता। मन की शरणागति पर इसलिये जोर दिया शास्त्रों ने क्योंकि मन बंधन का कारण है और मोक्ष का भी कारण है। दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला का आयोजन दिनांक 8 अप्रैल तक प्रतिदिन शाम 7 से रात 9 बजे तक किया जा रहा है।



### आबकारी महकमे के संरक्षण में अवैध कारोबार: दुबे

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा कि आबकारी विभाग द्वारा राज्य सरकार के राजस्व पर चूना लगाया जा रहा है। विभाग का अमला सिर्फ अपनी वसूली में मस्त है। यहीं कारण है कि अवैध शराब गली गली में मिल रही है यहां तक अवैध शराब बनाने बॉटलिंग का कारोबार जिले में चरम पर है तो क्या राजनांदगांव का नेतृत्व आबकारी विभाग के देय फल के सामने नतमस्तक होकर मौन साधे बैठे हैं? प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा कि राज्य सरकार राजस्व के नाम पर शराब दुकान खोलने के लिए जहां स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, संविधान निर्माता के प्रतिष्ठा को तार तार कर दी है और बिना ग्राम पंचायत या निर्वाचित सदन से प्रस्ताव किये शराब दुकान खोलने का तुगलकी निर्णय लिए हैं जिसके विरोध से यह संदेश जा रहा है कि जनता सरकार के राजस्व को नुकसान पहुंचा रहे हैं। सरकार वर्तमान समय में शराब की बिक्री बढ़ाने के लिए विदेशी शराब में 4 फीसदी की मूल्य कम शराब खपत लिए आम जनता को सुख एवं प्रोत्साहित कर रही है।



### सांसद ने की मां बम्लेश्वरी की पूजा अर्चना

**राजनांदगांव।** सांसद संतोष पांडे ने डोंगरगढ़ स्थित मां बमलेश्वरी देवी के दर्शन कर पूजा अर्चना किया। सांसद श्री पांडे ने कहा चैत्र नवरात्रि और हिन्दू नववर्ष के शुभ अवसर पर डोंगरगढ़ में माँ बम्लेश्वरी के पुण्य दर्शन करके अभिभूत हूँ। जब भी यह सौभाग्य मिलता है, माँ बम्लेश्वरी के दर्शन से एक अलग ही ऊर्जा और आत्मविश्वास की अनुभूति मुझे अपने कर्तव्यों और आप सभी की सेवा के लिए मार्ग प्रशस्त करती है।



### शक्तिधाम महाकाली मंदिर में जली आस्था की ज्योत

**राजनांदगांव।** शहर के वार्ड नंबर 1, बाबूटोला में स्थित शक्तिधाम महाकाली मंदिर में नवरात्र का महापर्व भक्तिमय वातावरण में धूमधाम से मनाया जा रहा हैं। वहीं ग्राम सहित सुदूर क्षेत्रों से आये भक्तों की मनोकामना ज्योति-कलश भी प्रज्जवलित की गयी हैं। शहर के वार्ड नंबर 1 स्थित शक्तिधाम महाकाली मंदिर में भी 71 मनोकामना ज्योति-कलश प्रज्जवलित किया गया हैं। मंदिर के प्रमुख हरीश यादव ने बताया कि इस वर्ष दस महाविद्या महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा हैं। पिछले वर्षो में अघोर रूद्र महायज्ञ एवं अघोर महाकाली महायज्ञ का आयोजन किया गया था। दस महाविद्या महायज्ञ में परिक्रमा करने श्रद्धालु दूर-दूर से बड़ी संख्या में पहुँच रहे हैं। इस वर्ष 71 मनोकामना ज्योति-कलश प्रज्जवलित किया गया हैं। आगामी 2 अप्रैल को छह सगी बहनों का कार्यक्रम हैं एवं 3 अप्रैल को जस सम्राट दुकालू यादव का जस जगराता का आयोजन किया जाना हैं।



## नवरात्र मेला का कलेक्टर एसपी ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चैत्र नवरात्र के अवसर पर डोंगरगढ मां बम्लेश्वरी मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचने वालो बडी संख्या में भक्तो की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने मेला व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

नवरात्रि पर्व में मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में लाखों की संख्या में दर्शनार्थी दर्शन करने एवं मेला घुमने आते है, जिसको ध्यान में रखते हुये कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं एसपी मोहित गर्ग द्वारा माँ बम्लेश्वरी मंदिर एवं मेला व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था में लगे अधिकारी,कर्मचारियों को ड्यूटी के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

### सीसीटीवी का लिया जायजा

माँ बम्लेश्वरी देवी जी का दर्शन कर आर्शीवाद प्राप्त कर मंदिर में लगे रोपवे एवं सीसीटीव्ही का भी जायजा लिया गया। जायजा के दौरान रोपवे एवं सीसीटीव्ही में लगे कर्मचारियों को मेन्टनेस के संबंध में आवश्यक हिदायत दिया गया।

## नेताओं के इशारे पर चल रहा है अवैध शराब का कारोबार : संजय

- डोंगरगढ़ के फार्म हाउस में कैसे मिला छग का होलमार्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



हिंदू-मुसलमान के नाम पर राजनीति करने वाले भाजपा के राज में माता की नगरी डोंगरगढ़ में 28 लाख का अवैध शराब का जखीरा मिलना बेहद ही शर्मनाक मामला है। आज जब धर्मनगरी डोंगरगढ़ में अवैध शराब का जखीरा पुलिस द्वारा पकड़ा गया है, तब धर्म के नाम राजनीति रोटी सेंकने वाले छुटभैया नेता कहां खो गए हैं।

उक्त विचार प्रदेश उपाध्यक्ष करणी सेना संजय बहादुर सिंह का है। उन्होंने कहा कि होलमार्क पिछली सरकार का बड़ी साजिश बताने वाली बीजेपी सरकार के नेताओं को बताना चाहिए छत्तीसगढ़ सरकार का होलमार्क वहां कैसे बरामद हुआ। आज जो लोग इस मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं, वे चाहे किसी भी दल या पार्टी के नेता हो, निश्चिततौर पर इन शराब माफियाओं से इनका संबंध और मिलीभगत से इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने दावे के साथ कहा कि इतने बड़े पैमाने में अवैध शराब का कारोबार बैगर सत्ता दल के नेता, पुलिस की मिलीभगत के बिना संभव नहीं है। शासन-प्रशासन में बैठे चंद लोग आम लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं, क्या यही भाजपा के कुशासन को दर्शाता है। धर्म के नाम राजनीति करने वाले नेता जनता से माफी मांगे। संजय बहादुर ने आगे कहा कि कांग्रेस हो या भाजपा के चंद नेता धर्मनगरी डोंगरगढ़ में लंबे समय से चल रहे अवैध कारोबार बैगर इनके जानकारी व मिलीभगत के हो नहीं सकता। हाल ही में 28 लाख का अवैध शराब डोंगरगढ़ के एक फार्म हाऊस में पुलिस जब्त करती है और ऐसे नेता जो समय-समय पर धर्म के आड़ में उत्तेजीत बयान जारी कर समाज के युवाओं को भड़काने का कार्य करते हैं, आज इस मामले पर एक बयान भी नहीं देना, इनके असली चेहरे को उजागर करता है।

## फिजिक्स वाला ग्रुप की कक्षाएं एनबीआईएस बोरी में प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनंदगांव शहर में शिक्षा के क्षेत्र में एक नई शुरुआत होने जा रही है। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी ने फिजिक्स वाला ग्रुप को राजनंदगांव में लाने के लिए पहल की है, जिससे छात्रों को बेहतर शिक्षा और नीट , जेईई प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अवसर प्रदान किए जा सकें।

फिजिक्स वाला ग्रुप के विशेषज्ञ शिक्षक, जो भिलाई से आ कर , एनबीआई एस बोरी में रोज़ाना 8 वीं,9वीं, 10वीं फाउंडेशन कोर्स तथा 11वीं, 12वीं के बच्चों को नीट तथा ज़े ई ई की तैयारी हेतु अलग अलग ऑफ़लाइन कक्षाएं लेंगे। ये क्लासेस एडवांस टेक्निकल सेटअप के तहत आयोजित की जा रही हैं ।

इस कार्यक्रम के तहत, छात्रों को सीबीएसई पाठ्यक्रम के साथ - साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी करायी जाएगी। मेधावी छात्रों को विशेष छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है जिसके अंतर्गत 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को फिजिक्स वाला की फीस में 25% की छूट प्रदान की जाएगी।

कोटा की तर्ज पर, छात्रों के डाउट का समाधान करने के लिए विशेष डाउट सेशन भी आयोजित किए जाएंगे। कक्षाओं की लाइव रिकॉर्डिंग भी बच्चों को प्रतिदिन प्रदान की जाएगी । वर्तमान में, प्रत्येक क्लास में 8 -8 सीटें ही उपलब्ध हैं। बाहर से आने वाले छात्रों के लिए प्राइवेट आवासीय सुविधा भी प्रदान की जा रही है, संस्था में मेस सुविधा भी प्रदान की जा रही हैं ।

## पीएम का सांसद ने किया रायपुर एयरपोर्ट में स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रायपुर एयरपोर्ट आगमन पर राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र सांसद संतोष पांडे एवं दुर्ग लोकसभा क्षेत्र सांसद विजय बघेल ने रायपुर एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत सम्मान किया।

## कार्यशाला में सौ प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

- वन आधारित आजीविका पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिला यूनियन मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी और फाउंडेशन फॉर इकोलॉजिकल सिक्योरिटी एफईएस के संयुक्त तत्वावधान में गत दिवस वन उपज संग्रहकर्ताओं और महिला स्व-सहायता समूहों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में लगभग 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ वनमंडलाधिकारी दिनेश पटेल, प्रबंधक संचालक मानवेन्द्र सिदार, एसडीओपी, डिप्टी रेंजर, प्रबंधक, वन धन मित्र, स्व-सहायता समूह की महिलाएं और जिला यूनियन के सदस्य शामिल थे। कार्यशाला में एफईएस से संगीता साहू और वैश्नवी श्रीवास ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य लघु वनोपज के बेहतर प्रबंधन, प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन की प्रक्रिया को समझाना था, ताकि संग्रहकर्ताओं को स्वयं सेवन और अधिक लाभ मिल सके।

कार्यशाला के अंतिम सत्र में प्रतिभागियों से प्रशिक्षण से सीखी गई बातों और सुझावों को लिया गया। जिसके बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को व्यावहारिक जानकारी और कौशल प्राप्त हुआ। जिससे वे अपने वन उपजों का बेहतर प्रबंधन कर सकेंगे और अपनी आजीविका को सशक्त बना सकेंगे।



### गुणवत्ता बनाए रखने आवश्यक मानकों पर चर्चा

कार्यशाला की शुरूआत स्वागत भाषण से हुई। उसके बाद प्रशिक्षण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला यूनियन के अधिकारियों के साथ कार्यक्रम के उद्देश्य और कार्यों पर चर्चा हुई। इसके बाद लघु वनोपज के मौजूदा प्रसंस्करण, भंडारण और विपणन पर सत्र आयोजित किए गए। बेहड़ा प्रसंस्करण पर शॉर्ट मूवी देखी गई और उच्च गुणवत्ता बनाए रखने आवश्यक मानकों और सावधानियों पर चर्चा की गई। इसके अलावा बाजार मूल्य संवर्धन और विपणन रणनीतियों, मूल्य संवर्धन उत्पादों की श्रृंखला जैसे इमली पर सामूहिक अभ्यास और प्रस्तुति भी की गई।

## गणगौर पर्व...















**राजनांदगांव।** गणगौर पर्व के अवसर पर शहर में जगह-जगह शोभायात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिकगण उपस्थित थे। इस अवसर पर दिन भर श्रद्धा भक्ति का माहौल रहा।

online Booking:-www.tripuryatra.com



Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour

By Train-रिजर्वेशन कोच
16 मई से 23 मई, 23 मई से 30 मई, 06 जून से 13 जून
25 जुलाई से 1 अगस्त 2025 (सावन में ) (8 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)
राशि:-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411